डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया



# आधुनिक समाचार

हिन्दी साप्ताहिक संस्थापकः- श्री महेन्द्र अरोरा




वर्ष-11 अंक-14 | प्रयागराज, रविवार 03 अप्रैल, 2022 से शनिवार 09 अप्रैल, 2022 तक | पृष्ठ- 8 | मूल्यः 3 रूपये

सिनेमाः जॉन अब्राहम की 'अटैक' भी हुई बेदम 8 दिन में ने कमाए इतने करोड़...8)

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के एक मामले में जमानत के खिलाफ याचिका पर यूपी सरकार से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वह आनर किलिंग को हल्के में नहीं लेगा। कोर्ट ने एक महिला दीप्ति मिश्र की याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब तलब किया। दीप्ति ने अपने चाचा मणिकांत की जमानत रद करने की मांग की है जिसने अंतरजातीय विवाह करने पर पिछले साल कथित रूप से उसके पति की हत्या की साजिश रची थी। प्रदेश सरकार और अन्य को नोटिस जारी करने से पहले जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस सूर्यकांत की पीठ ने दीप्ति की ओर से पेश अधिवक्ता एमएस आर्य से कड़े सवाल भी पूछे। पीठ का मत था कि एफआइआर में मणिकांत के खिलाफ कोई विशेष आरोप नहीं हैं। उन्होंने सिर्फ शादी का विरोध किया था। आर्य ने कहा कि मणिकांत और उनके दो बेटे घटना में शामिल थे और इससे पहले की भी घटनाएं हैं जिनके लिए दीप्ति के पति ने कई शिकायतें भी दर्ज कराई थीं। इस पर पीठ ने कहा, 'यह आनर किलिंग का मामला है और हम इसे हल्के में नहीं लें सकते।' कोर्ट ने शुरुआत में कहा कि यह इसमें हस्तक्षेप नहीं करेगा लेकिन आर्य ने बेंच को मनाने की कोशिश की और हत्या की घटना से पहले मृतक द्वारा रिपोर्ट की गई धमकी और हमले की घटनाओं की एक श्रृंखला को पेश किया। जिसको लेकर पीठ ने कहा कि वो नोटिस जारी करेंगे जो की माणिकंत मिश्रा को स्थानीय पुलिस स्टेशन के माध्यम से दिया जाएगा।

### भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई को मिली अनिल देशमुख और सचिन वाझे की हिरासत

**मुंबई।** भ्रष्टाचार के मामले में दो विशेष अदालतों ने शुक्रवार को सीबीआई को महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख, बर्खास्त पुलिस अधिकारी सचिन वाझे और दो अन्य आरोपितों को जांच के लिए हिरासत में रखने की अनुमति दे दी। समझा जाता है कि सीबीआई बहुत जल्द इन्हें अपनी हिरासत में ले लेगी और आगे की पूछताछ के दिल्ली ला सकती है। अनिल देशमुख और उनके सहयोगी संजीव पलांडे और कुंदन शिंदे वर्तमान में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच की जा रही मनी लांड्रिंग मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने उनकी हिरासत के लिए अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डीपी सिंघाडे के समक्ष एक आवेदन दायर किया था। न्यायाधीश ने गुरवार को देशमुख और अन्य दो को सीबीआई की हिरासत में स्थानांतरित करने के लिए विशेष मनी लांड्रिंग अधिनियम (पीएमएलए) अदालत, जो ईडी से जु.ड़े मामलों की सुनवाई करती है, को अनुरोध पत्र जारी किया। सीबीआई ने सचिन वाझे की हिरासत की भी मांग की थी।

## AAP का मिशन गुजरातः केजरीवाल संग पंजाब के सीएम भगवंत मान करेंगे रोड शो

**नई दिल्ली।** गुजरात के अहमदाबाद में शनिवार को आम आदमी पार्टी का 'रोड शो' आयोजित हो रहा है। इस रोड शो को 'तिरंगा यात्रा' का नाम दिया गया है जो दो किलोमीटर का होगा। अहमदाबाद के निकोल और बापूनगर में होने वाले इस तिरंगा यात्रा में राज्य भर से पार्टी के सभी प्रमुख नेताओं सहित लगभग 50,000 लोग शामिल हो रहे हैं। यह कार्यक्रम दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में होने वाला यह रोड शो उनके दो दिवसीय यात्रा का हिस्सा है। इसके जरिए के दोनों नेता राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले अपनी पार्टी को बढ़ावा देने का प्रयास करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम में आज दोनों नेता पहले गांधी आश्रम जाएंगे और फिर दोपहर में तिरंगा यात्रा के लिए निकोल इलाके में पहुंचेंगे। सोरथिया ने कहा कि रविवार को वे शाम को दिल्ली वापस जाने से पहले शाहीबाग इलाके में स्वामीनारायण मंदिर जाएंगे। एक दिन पहले ही पंजाब विधानसभा में मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा था, दिल्ली में कोई भी काम करना हो तो उपराज्यपाल से अनुमति मांगनी पड़ती है वहां ण्श् का कुछ नहीं चलता क्योंकि वहां सरकार किसी और पार्टी की बनी हुई है। पंजाब ने केंद्र सरकार से अतिरिक्त बिजली मांगी थी लेकिन हमें मना कर दिया गया और हरियाणा को दे दिया। ने इससे पहले पठानकोट, जालंधर और अयोध्या में भी तिरंगा यात्रा का आयोजन कर चुकी है। इससे भी पहले भाजपा ने प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस के मौके पर भी इसका आयोजन किया था।



## रूसी विदेश मंत्री से मिले पीएम मोदी, हिंसा खत्म करने की अपील, पश्चिमी देशों को संकेत अपने हितों के हिसाब से ही फैसला करेगा भारत

**नई दिल्ली।** रूस के साथ अपने रिश्तों को तोड़ने को लेकर अमेरिका व पश्चिमी देशों की तरफ से पड़ रहे दबाव के बीच भारत ने शुक्रवार को एक बार फिर अपनी मंशा साफ कर दी कि वह अपने हितों के हिसाब से ही फैसला करेगा। भारत की यात्रा पर आए रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की पीएम नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर से अलग-अलग मुलाकात हुई जिसमें यूक्रेन के हालात के साथ ही द्विपक्षीय रिश्तों के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर बात हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत यूक्रेन में संघर्ष को सुलझाने के लिए शांति प्रयासों में किसी भी तरह से मदद करने को तैयार है। हाल के दिनों में भारत के दौरे पर आने वाले किसी विदेश मंत्री से पहली बार पीएम मोदी ने मुलाकात की है। पीएम मोदी के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल भी इस मुलाकात के दौरान उपस्थित थे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में कहा कि विदेश मंत्री लावरोव ने पीएम मोदी यूक्रेन की स्थिति और चल रही शांति वार्ताओं के बारे में जानकारी दी। इसी दौरान पीएम मोदी ने यूक्रेन में हिंसा की जल्द समाप्ति का आह्वान को दोहराते हुए दोनों देशों के बीच शांति स्थापना में हर संभव योगदान देने की पेशकश की। इससे पहले, विदेश मंत्री जयशंकर के साथ प्रतिनिधि स्तर की लंबी बातचीत के बाद लावरोव ने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय मसलों पर न्यायसंगत राय रखता है। वह महत्वपूर्ण देश और रूस-यूक्रेन के बीच शांति स्थापना में मध्यस्थ की भूमिका निभा सकता है। सर्गेई लावरोव ने यह भरोसा भी जताया कि हमेशा स्वतंत्र नीति अपनाने वाला भारत अमेरिका के दबाव में नहीं आएगा। चीन की यात्रा के बाद नई दिल्ली पहुंचे लावरोव ने पश्चिमी देशों को चिढ़ाने के अंदाज में कहा कि रूस ना सिर्फ भारत को ज्यादा ईंधन बेचने को तैयार है बल्कि दोनों देशों के बीच स्थानीय मुद्रा में कारोबार करने को लेकर भी बात हो रही है।



## भारत में कोरोना महामारी के खिलाफ नए रिकार्ड पर पहुंच रहा टीकाकरण का आंकड़ा

**नई दिल्ली।** भारत वैश्विक महामारी कोरोना वायरस की तीसरी लहर सुधार के पड़ाव में है। देश में लगातार कोरोना वायरस के मामले कम हो रहे हैं। वहीं टीकाकरण अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत कोविड 19 टीकाकरण कवरेज शुक्रवार शाम को 184.49 करोड़ को पार कर गया है। इस बात की जानकारी स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने दी। केंद्रीय मंत्रालय की आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि कल शाम 7 बजे तक 16 लाख से अधिक वैक्सीन खुराक दी जा चुकी हैं। मंत्रालय ने कहा, 'भारत का कोविड 19 टीकाकरण कवरेज आज 184.49 करोड़ (184,49,84,497) को पार कर गया है। आज शाम 7 बजे तक 16 लाख (16,02,786) से अधिक टीके की खुराक दी गई है। 1.80 करोड़ से अधिक (1,80,15,991) अब तक 12-14 वर्ष आयु वर्ग को टीके की खुराक दी जा चुकी है। मंत्रालय ने बताया कि कोविड-19 टीकाकरण के लिए लाभार्थियों की श्रेणियों में (स्वास्थ्य कर्मियों (एचसीडब्लूयू), फ्रंटलाइन वर्कर्स (एफएलडब्लूयू) और 60 वर्ष से अधिक) के लिए 2.33 करोड़ (2,33,17,456) से अधिक एहतियाती खुराक अब तक प्रशासित की जा चुकी है। आपको बता दें कि राष्ट्रव्यापी कोविड 19 टीकाकरण 16 जनवरी, 2021 को शुरू हुआ। कोविड 19 टीकाकरण के सार्वभौमिकरण का नया चरण 21 जून, 2021 से शुरू हुआ। टीकाकरण अभियान को और अधिक टीकों की उपलब्धता, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए वैक्सीन उपलब्धता की अग्रिम दृश्यता के माध्यम से बेहतर बनाने के लिए शुरू किया गया है, जिससे टीके की आपूर्ति और श्रंखला को सुव्यवस्थित किया जा सके। राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के हिस्से के रूप में, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को मुफ्त में कोविड 19 टीके उपलब्ध कराकर उनका समर्थन कर रही है। कोविड 19 टीकाकरण अभियान के सार्वभौमिकरण के नए चरण में, केंद्र सरकार देश में वैक्सीन निर्माताओं द्वारा उत्पादित किए जा रहे टीकों का 75 फीसद राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को खरीद और आपूर्ति मुफ्त करेगी।



## एमएसपी पर समिति का गठन संयुक्त किसान मोर्चा से नाम मिलने पर, कृषि मंत्री ने कहा वादे को लेकर सरकार प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने शुक्रवार को राज्यसभा में बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) से नामित सदस्यों के नाम मिलने के बाद सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर विशेषज्ञों की समिति का गठन कर देगी। संसद के उच्च सदन में एक सवाल पर तोमर ने कहा कि तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा करते समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एमएसपी पर समिति बनाने के वादे को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है। तोमर ने सदन को बताया कि सरकार किसानों के संगठन एसकेएम के संपर्क में है और जैसे ही उसकी तरफ से नाम बताए जाते हैं एमएसपी पर समिति का गठन कर दिया जाएगा। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत केंद्र और राज्यों के बीच प्रीमियम साझा करने के तरीके में बदलाव का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है। पूर्वोत्तर राज्यों के लिए केंद्र 90 प्रतिशत प्रीमियम का भुगतान करता है। शेष राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के लिए यह अनुपात 50:50 का है। भाजपा सांसद वरुण गांधी ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कृषि उपज के लिए कानूनी अधिकार बनाने के लिए शुक्रवार को संसद में एक निजी सदस्य विधेयक पेश किया। किसानों को कृषि उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी का अधिकार विधेयक, 2022 का उद्देश्य प्रत्येक किसान को अपनी कृषि उपज और इससे जुड़े मामलों के लिए न्यूनतम मूल्य प्राप्त करने का अधिकार सुनिश्चित करना है। पीलीभीत के भाजपा सांसद ने पिछले साल कृषि कानून विरोधी आंदोलन के दौरान सार्वजनिक रूप से किसानों का समर्थन किया था और सरकार को उनके साथ जुड़ने का सुझाव दिया था।




## कोरोना मामलों में एक दिन बाद फिर आई गिरावट, लेकिन मौतों की संख्या में हुआ इजाफा

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना केसों में एक बार फिर गिरावट देखने को मिली हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार बीते 24 घंटे में कोरोना के 1,260 नए मामले सामने आए हैं, कल 1335 नए केस मिले थे। वहीं 1,404 लोग इस दौरान कोरोना को मात देकर ठीक हुए हैं और 83 लोगों की कोरोना से मौत हुई है। इसी के साथ अब कुल कोरोना मामले 4,30,27,035 हो गए हैं और कुल मौतों की संख्या बढ़कर 5,21,264 हो गई है। कोरोना केसों में गिरावट के साथ ही एक्टिव केसों की संख्या में भी कमी आई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार अब कुल एक्टिव केस 13,445 हो गए है। वहीं रिकवरी में बढ़ौतरी के साथ कुल कोरोना से ठीक हुए मरीजों की संख्या 4,24,92,326 हो गई है। इसी के साथ अब कुल रिकवरी रेट भी बढ़कर 98.76 फीसद हो गई है कोरोना के घटते मामलों के बावजूद वैक्सीनेशन अभियान तेजी से काम कर रहा है। देश में अब कुल टीकाकरण कवरेज शुक्रवार शाम तक 184.49 करोड़ को पार कर गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार कल शाम 7 बजे तक 16 लाख (16,02,786) से अधिक टीके की खुराक दी गई है। इस बीच देशभर में अब तक 12-14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को 1.80 करोड़ से अधिक (1,80,15,991) वैक्सीनेशन डोज दी जा चुकी है



## जयशंकर और ब्रिटेन की विदेश मंत्री के बीच द्विपक्षीय रिश्तों की मजबूती पर चर्चा, कारोबार और सैन्य क्षेत्र में बढ़ेगा सहयोग

**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच यूक्रेन-रूस युद्ध को लेकर असहमति की रेखा गहरी दिख रही है लेकिन दोनों देश द्विपक्षीय रिश्तों के दूसरे आयामों पर इसका असर नहीं पड़ने देना चाहते। विदेश मंत्री एस जयशंकर और ब्रिटेन की विदेश मंत्री एलिजाबेथ ट्रूस के बीच गुरुवार को हुई बैठक में यूक्रेन-रूस विवाद के अलावा द्विपक्षीय कारोबार और सैन्य सहयोग को लेकर भी चर्चा हुई। ब्रिटेन की सैन्य उपकरण व युद्ध सामग्री बनाने वाली कंपनियां भारत को एक बड़े बाजार के तौर पर देख रही हैं और उनकी तरफ से आत्मनिर्भर भारत व मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत निर्माण काम करने का प्रस्ताव रखा गया है। जयशंकर ने इस प्रस्ताव का स्वागत किया है। जल्द ही इस बारे में दोनों देशों के बीच उच्चस्तरीय वार्ता भी होगी। ब्रिटिश विदेश मंत्री के साथ वार्ता के बाद जयशंकर ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में यह संकेत दिया कि दोनों देशों के बीच टू प्लस टू वार्ता की शुरुआत भी हो सकती है। इस व्यवस्था के तहत दोनों देशों के विदेश व रक्षा मंत्रियों की अध्यक्षता में कूटनीतिक व सैन्य संबंधों के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित हो सकेगा। भारत अभी अमेरिका, जापान, आस्ट्रेलिया, रूस जैसे गिने चुने देशों के साथ टू प्लस टू वार्ता करता है। गुरुवार को हुई वार्ता में दोनों मंत्रियों ने मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करने के लिए दोनों देशों में हाल ही में हुई प्रगति की भी समीक्षा की। एफटीए के लिए इस साल जनवरी से बातचीत शुरू की गई है और अभी तक दो दौर की वार्ता हो चुकी है। बातचीत में हिंद प्रशांत क्षेत्र का मुद्दा भी उठा। ब्रिटेन हाल के महीनों में हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक रवैये पर ज्यादा मुखर प्रतिक्रिया दे रहा है। वह भारत के इंडो पैसिफिक ओसियन इनिशिएटिव (आइपीओआइ) में शामिल होने को तैयार है। भारत ने इसका स्वागत किया है। इसका मकसद हिंद प्रशांत महासागर में सामुद्रिक व्यवस्था के संरक्षण व बेहतर प्रबंधन के लिए एक समान विचार रखने वाले देशों के बीच सहयोग स्थापित किया जा रहा है। सनद रहे कि गुरुवार को भारत-ब्रिटेन के बीच भविष्य की रणनीतिक साझेदारी पर विचार करने व उसे दिशा देने के लिए गठित इंडिया यूके स्ट्रेटजिक फोरम की बैठक में भी दोनों विदेश मंत्रियों ने हिस्सा लिया था। उसमें ट्रूस ने कहा था कि यूक्रेन पर रूस के हमले के मद्देनजर भारत को लोकतांत्रिक देशों के साथ होना चाहिए और रूस पर प्रतिबंध लगाने में मदद करनी चाहिए। हालांकि उन्होंने यह भी कहा था ।



## कितना है देश के मेट्रोपोलिटन सिटी में पेट्रोल-डीजल का दाम, 12 दिनों में 7.20 रुपये की हुई वृद्धि

**नई दिल्ली।** देश में एक बार फिर से पेट्रोल-डीजल के दामों में बढ़ोत्तरी हुई है। दिल्ली में पेट्रोल और डीजल की कीमत में आज 80 पैसे की वृद्धि हुई है। जिसके चलते दिल्ली में पेट्रोल के दाम 102.61 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 93.87 रुपए प्रति लीटर हो गए हैं। वहीं, मुंबई में पेट्रोल और डीजल की कीमत में 85 पैसे की वृद्धि हुई है। मुंबई में आज पेट्रोल के दाम 117.57 रुपए हो गए हैं। जबकि डीजल के दाम 101.79 रुपए पहुंच गए हैं। साथ ही चेनन्ई में पेट्रोल और डीजल की कीमत प्रति लीटर 108.21 रुपए और 108.21 रुपए पहुंच गए हैं। चेनन्ई में आज 76 पैसे की वृद्धि हुई है। इसके अलावा कोलकाता में पेट्रोल की कीमत में 84 पैसे की वृद्धि हुई है और डीजल की कीमत में 80 पैसे की वृद्धि हुई है। कोलकाता में आज पेट्रोल के दाम 112.19 रुपए और डीजल की कीमत 97.02 रुपए है। दरअसल, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में शनिवार को 80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी के साथ ईंधन की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी जारी है। पिछले 12 दिनों में 10वीं बार 7.20 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि हुई है। पिछले साल 4 नवंबर को पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर अंकुश लगा था। लेकिन 22 मार्च के बाद से पेट्रोल-डीजल के दामों में लगातार इजाफा हुआ है। इसकी एक बड़ी वजह रूस-यूक्रेन युद्ध भी है। युद्ध के चलते कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद देश में पेट्रोल-डीजल के दामों में इजाफा देखने को मिला ह बता दें कि कि पिछले साल 3 नवंबर को केंद्र ने देश भर में खुदरा कीमतों को कम करने के लिए पेट्रोल पर 5 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर उत्पाद शुल्क में कटौती की थी। इसके बाद कई राज्य सरकारों ने लोगों को राहत देने के लिए पेट्रोल और डीजल पर मूल्य वर्धित कर (वैट) कम किया था।



## चैत्र नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ गुड़ी पड़वा की भी धूम, पीएम से लेकर सीएम तक ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** आज से चैत्र नवरात्रि शुरू हो गया है। मंदिरों में माता रानी का जयकारा लग रहा है। वहीं इसी के साथ हिंदू नववर्ष का भी प्रारंभ हुआ है। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन देशभर के दुर्गा मंदिरों में सुबह से पूजा-अर्चना की जा रही है। श्रद्धालुओं की लंबी लाइन देवी मां के मंदिर के बाहर लगी हुई है। भक्तगण मां दुर्गा के जयकारे लगा रहे हैं। नवरात्रि के नौ दिन माता रानी के नौ रूपों की पूरे विधि विधान के साथ पूजा की जाती है। आज चैत्र नवरात्रि का पहला दिन है, इस दिन माता शैलपुत्री की आराधना होती है। माता रानी का आशीर्वाद पाने के लिए और उनकी भक्ति में भक्तगण उपवास रखते हैं। देशभर में जगह-जगह पर माता रानी के मंदिरों में भक्त पूजा कर रहे हैं। वहीं दिल्ली के झंडेवालान मंदिर में माता के श्रद्धालु की लाइन बढ़ती जा रही है। प्रातःकाल से ही पूजा के लिए भक्त आ रहे हैं। मंदिर में सुबह की आरती में काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मुंबई में माता रानी की पूजा में समस्त श्रद्धालु सुबह से जुटे हुए हैं। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन मुंबा देवी मंदिर में आरती की जा रही है। मां दुर्गा की पूजा में लीन भक्तगण पूजा पाठ कर रहे हैं। जहां देशभर में मां दुर्गा की पूजा की जा रही है, वहीं दूसरी तरफ कर्नाटक में आज के अवसर पर भक्त हुबली में नागशेट्टी कोप्पा हनुमान मंदिर में पूजा करते हुए नजर आ रहे हैं।






# डीह मेंहदी ग्राम प्रधान पर मनमानी करने का आरोप

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** विकास खंड लक्ष्मणपुर की डीहमेहदी ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि प्रधान इस ग्राम पंचायत में मनमानी पर उतारू है।ग्रामीणों ने सहायक विकास अधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान नवाब हुसैन ग्राम पंचायत के सदस्यों की उपेक्षा करता है।उसने फर्जी ढंग से समितियों का गठन किया है। जो सदस्य मौजूद भी नहीं थे उनका भी वह फर्जी हस्ताक्षर करवा कर समितियों का गठन करवा लिया है।ग्राम पंचायत में होने वाले कार्यो में भी न तो वह ग्राम पंचायत के सदस्यों से कोई राय लेता है और न उन उनकी हस्ताक्षर करवाता है।वह मनमानी ढंग से काम करके ग्राम पंचायत में शासन के धन का दुरुपयोग कर रहा है। इस कार्य में सहायक विकास अधिकारी पंचायत भी उसका साथ दे रहे हैं।जब ग्रामीणों ने शपथ पत्र के द्वारा फर्जी ग्राम समितियों के गठन की बात सहायक विकास अधिकारी पंचायत से की तो उन्होंने 13 मार्च को फिर से नई समितियों के गठन की बात करते हुए ग्रामीणों को एक बार फिर से झाँसे में रखने का काम किया है।देखना है कि 13 मार्च को वह अपनी निगरानी में किस तरह से सही ढंग से समितियों के गठन में अपनी भूमिका निभाते हैं।

# मिलजुलकर मनाए नवरात्र एवं रमजानः राम सागर

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** थाना फूलपुर में शुक्रवार दोपहर बाद पीस कमेटी की बैठक आगामी चैत्र नवरात्र तथा रमजान के पवित्र माह को लेकर सीओ फूलपुर राम सागर की अध्यक्षता में संपनन्‍ हुई। सीओ फूलपुर ने जनप्रतिनिधियों की मांग पर विद्युत विभाग, नगर पंचायत आदि के जिम्मेदारों के साथ रविवार को बैठक करके नगर की साफ-सफाई तथा विद्युत कटौती पर चर्चा की जाएगी। जन सामान्य को महत्वपूर्ण त्योहारों पर सरकारी सुविधाएं, बिजली, पानी, साफ-सफाई मिलती रहे। इस हेतु उन्हें निर्देशित किया जाएगा। अपने अपने ढंग से शांतिपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने की भी बात कही। कस्बे के प्रतिष्ठित अधिवक्ता एवं राजनीतिज्ञ जीके द्विवेदी राजा बाबू ने थाने पर नया पीस कमेटी रजिस्टर



बनाने तथा संभ्रांत नागरिकों के नाम जोड़ने की सलाह दी। प्रभात कांत अवस्थी, लक्ष्मी कांत मिश्र काका ने भी अपने विचार रखे। थाना अध्यक्ष अमित कुमार राय ने दोनों महत्वपूर्ण त्योहारों को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की तथा आगंतुकों से समस्याओं से अवगत कराने की बात कही। मौके पर अनीस अहमद सभासद, बबलू सभासद, बलवंत मौर्य, राजकुमार, मिठाई लाल यादव, दिलीप यादव, जयकुमार बीडीसी के अलावा चौकी इंचार्ज विनय मिश्र, उपनिरीक्षक माजिद खान, जय सिंह यादव, सुनील मिश्रा तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त हेड मास्टर की विदाई में भावुक हुए शिक्षक और बच्चें

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**प्रयागराज।** हंडिया तहसील के धनूपुर ब्लाक अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय यासीनपुर में गुरुवार को सेवानिवृत्त हेड मास्टर सैयद अमीर हसन की विदाई और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित शिक्षक और विद्यालय के बच्चें भावुक नजर आए। कार्यक्रम में धनूपुर के खंड शिक्षा अधिकारी प्रभा शंकर पांडेय बतौर मुख्य अतिथि कहाकि बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि मौजूदा समय में शिक्षक अपने पर खुद ही विश्वास नहीं कर रहे हैं इसीलिए अपने बच्चों की प्राथमिक शिक्षा सरकारी विद्यालयों में न देकर प्राइवेट विद्यालयों में करा रहे हैं। उन्होंने सेवानिवृत्त हेड मास्टर अमीर हसन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनके द्वारा विद्यालय से लेकर बीआरसी तक बेदाग रहकर शिक्षा और शिक्षक की एक पहचान बनाई गई जो वाकई काबिले तारीफ है। विदाई समारोह में उपस्थित विद्यालय में जब सेवानिवृत्त हेड मास्टर अमीर हसन से विदाई की बेला आई तो वहा मौजूद सभी शिक्षक और छात्र छात्राओं की गम में आंखें भर आई। सेवानिवृत्त हेड मास्टर अमीर हसन ने कहाकि आप लोगों का प्यार और सम्मान जीवन भर नहीं भूलेगा। विदाई और सम्मान समारोह में अभय राज पटेल, महेश कुमार, अल्ताफ, श्याम सूरत, कैलाश सिंह, धर्मेंद्र, रिजवाना सईदा, अर्चना,नीलिमा सेंखर,प्रीति, निर्मला के अलावा शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष हरिश्चंद्र, एआरपी हसीब अहमद विदाई समारोह में भावुक नजर आये।



# निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण 02 अप्रैल से होगा

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि माह मार्च 2022 के सापेक्ष द्वितीय चरण में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारक को दिनांक 02.04.2022 से 10.04.2022 तक निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा।उचित दर विक्रेताओं द्वारा ई-पॉस मशींन के माध्यम से किया जाना है। वितरण की अन्तिम तिथि 10.04.2022 निर्धारित है। इस अवधि में अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक सम्बद्ध यूनिटों पर 05 किग्रा0 खाद्यान्न (03 किग्रा0 गेहूँ व 02 किग्रा0 चावल) प्रति यूनिट के आधार पर निःशुल्क प्राप्त कर सकते है। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न होने की स्थिति में कार्डधारक मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण की अन्तिम तिथि अर्थात 10.04.2022 को खाद्यन्न प्राप्त कर सकते है। उन्होने यह भी बताया है कि राशनकार्ड धारकों को पोर्टेबिलिटी के अन्तर्गत खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी तथा पोर्टेबिलिटी चालान जारी करने की सुविधा दिनांक 06.04.2022 तथा 07.04.2022 को उपलब्ध रहेगी। वितरण से सम्बन्धित किसी भी समस्या के समाधान हेतु अपने पूर्ति निरीक्षक, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, उपजिलाधिकारी व जिला पूर्ति अधिकारी से सम्पर्क कर सकते है। समस्त उचित दर विक्रेता कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए नियमानुसार वितरण करना सुनिश्चित करेंगें।

# गेहूं के खेत में लगी आग, 25 बीघा फसल जलकर राख, किसानों का रो कर हुआ बुरा हाल

(आधुनिक समाचार सेवा)
विलास गुप्ता

**प्रयागराज।** गंगापार के क्षमऊआइमा थाना क्षेत्र के चमरूपुर गांव में गुरुवार दोपहर को गेंहू के खेत में भयंकर आग लग गई, जिससे करीब 25 बीघा खड़ी फसल जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार आग बिजली के खंभे में हुए शार्ट सर्किट के कारण लगी थी। ग्रामीणों ने स्वयं ही आग बुझाने की कोशिश की पर वो नाकाफ़ी थे । उन्होंने फ़ायर ब्रिगेड और स्थानीय प्रशासन को सूचना दी पर आरोप है की घंटे भर बाद भी न दमकल पहुंचे और न ही तहसीलदार। आग हवा का सहारा पा विकराल रूप धारण करती गयी और किसानों की महीनों की मेहनत कुछ पलों में ही आग की भेंट चढ़ गयी। इसी बीच ग्रामीणों की आग बुझाने की कोशिश जारी है। उधर जिन छोटे-मंझोले किसानों की फसल ख़ाक हुई है उनका रो-रोकर बुरा हाल है।



# संविलियन विद्यालय नरायनपुर की छतें हुई जर्जर, हादसे को दावत

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** विकास खंड लक्ष्मणपुर के नारायनपुर गाँव में संविलियन विद्यालय की छतों के जर्जर होने से किसी भी समय किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता है।सूत्रों के अनुसार इस विद्यालय का भवन निर्माण 2003 में करवाया गया था। वर्तमान में विद्यालय में कुल 5 कक्ष हैं जिनमें सभी कक्षों की छतें अत्यंत जर्जर अवस्था में हैं। छतों में दरारें पड़ गई हैं, छेद हो गए हैं जिससे कभी भी ये छतें ढह कर मानव संशाधन पर आफत बन सकती हैं। एक बड़े हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है।इस विद्यालय में कुल 162 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। यहाँ प्रधानाध्यापक व 10 शिक्षक एवं 3 शिक्षामित्र कार्यरत हैं। ग्राम प्रधान खुशबू देवी से बात करने पर उन्होंने बताया कि कई बार वह विभागीय अधिकारियों से शिकायत कर चुकी हैं लेकिन न तो इस भवन के नव निर्माण की कोई स्वीकृति प्रदान हो पाई है न ही इसकी मरम्मत हो पा रही है जिससे इसमें पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का जीवन हमेशा दाँव पर लगा हुआ है। यदि यह छतें टूट कर गिर पड़ती हैं और कोई बड़ा हादसा होता है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा इसे बताने वाला कोई नहीं है।शिक्षा विभाग आँख मूँद कर बैठा हुआ है।वहीं कमीशन खोरी के बल पर बने हुए भवन जर्जर ऐसी अवस्था में पहुँचेंगे इसे सभी जान रहे हैं।यह न केवल शासन के धन का दुरुपयोग है बल्कि बच्चों के जान का जोखिम भी हर पल बना हुआ है।शिक्षा विभाग को तत्काल इस ओर ध्यान देकर कार्यवाही करना चाहिए जिससे छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का जीवन सुरक्षित रखा जा सके।

# यूपी बोर्ड पेपर लीक कांडः अब प्रशासन रात में परीक्षा केंद्रों की चेकिंग करेगा, निर्देश ज़ारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
विलास गुप्ता

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड के 12वीं कक्षा के अंग्रेज़ी का प्रशन्‍पत्र लीक होने के बाद हो रही किरकिरी के बीच डैमेज कंट्रोल को जुटे शिक्षा विभाग के अधिकारी अब रात में संवेदनशील परीक्षा केंद्रों की जांच करेंगे। रात्रि में जिला प्रशासन के सहयोग से संवेदनशील परीक्षा तिथियों के पूर्व आकस्मिक निरीक्षण करके प्रशन्‍पत्रों की सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाएगा। अधिकारियों की टीम बनाकर संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण के समय स्ट्रांग रूम में लॉगबुक एवं प्रशन्‍पत्रों के रख-रखाव की व्यवस्था का निरीक्षण किया जाय। संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों तथा संदिग्ध गतिविधियों/व्यक्तियों को चिन्हित किया जाएगा तथा आवश्यक कार्यवाही हेतु जिला प्रशासन से सम्पर्क किया जाएगा जिनसे परीक्षा व्यवस्था प्रभावित होने की सम्भावना हो विनय कुमार पाण्डेय, शिक्षा निदेशक (मा0), यूपी ने समस्त जिला विद्यालय निरीक्षकों को यह निर्देश जारी किये हैं।



# 2 छप्परों में लगी आग, दमकल द्वारा काबू पाया गया।

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

फूलपुर। कोतवाली के बड़ी अरवासी गांव में शुक्रवार दोपहर को कथित रूप से शॉर्ट सर्किट के कारण रामबाबू पुत्र सिया पति तथा महेश कुमार पुत्र रमाशंकर के छप्परो में आग लग गई दोनों छप्पर धू-धू कर जलता दे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया सूचना फायर टेंडर के मोहम्मद मुर्तजा तथा ताराचंद को मिली तो आनन-फानन मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया इससे पूर्व की खेतों में खड़ी फसलें तथा रिहायशी क्षेत्र चपेट में आता तब तक आग पर काबू पा लिया गया छप्परों में घरेलू उपयोग तथा कृषि कार्यों के सामानों की क्षति पहुंची।

# मण्डलायुक्त ने जनवा कान्हा गौशाला का किया निरीक्षण दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

(आधुनिक समाचार सेवा)
विलास गुप्ता

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त श्री संजय गोयल शनिवार को शंकरगढ़ ब्लाक के जनवा में बनाये गये कान्हा गौशाला



का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य पशुचिकित्साधिकारी ने बताया कि कान्हा गौशाला में कुल लगभग 1700 गाये है। मण्डलायुक्त ने मुख्य पशुचिकित्साधिकारी तथा नगर निगम के पशुधन अधिकारी को गोशाला में बच्चा देने वाली गायों की अलग से ग्रेडिंग करते हुए उनके लिए विशेष खान-पान की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा उनके बच्चों की विशेष परवरिश करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि जिससे दूध की उत्पादकता को बढ़ाया जा सके तथा उससे गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि गौशाला में गोबर से वर्मी कम्पोस्ट खाद को अधिक से अधिक बनाये जाने तथा खाद की बिक्री करते हुए गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिल सके। उन्होंने नगर निगम के मुख्य अभियंता को कान्हा गौशाला परिक्षेत्र में अधिक मात्रा में हरे चारे की व्यवस्था हेतु आवश्यक कार्यवाही किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने गौशाला में संरक्षित गोवंशों का टीकाकरण अनिवार्य रूप से कराये जाने के साथ-साथ पर्याप्त मात्रा में भूसा की उपलब्धता बनाये रखने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर मुख्य पशुचिकित्साधिकारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे तत्पश्चात मण्डलायुक्त ने जसरा में बनाये गये गेहूं क्रय केन्द्र का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्रय किये गये गेहूं की जानकारी लेते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को गेहूं विक्रय करने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि लापरवाही पाये जाने पर सम्बंधित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# 08 अप्रैल तक आनलाइन आधार प्रमाणीकरण करायें-जिलाधिकारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डॉ0नितिन बंसल ने जनपद के समस्त 123015 लाभार्थियों के आधार सीडिंग कराये जाने हेतु शहरी क्षेत्र के लिये अधिकारी के रूप में उपजिलाधिकारी, सहायक प्रभारी के रूप में राजस्व निरीक्षक व कर्मचारी के रूप में लेखपाल एवं संग्रह अमीन को नामित किया है। इसी प्रकार विकास खण्ड क्षेत्र हेतु अधिकारी के रूप में खण्ड विकास अधिकारी, सहायक प्रभारी के रूप में सहायक विकास अधिकारी (पं0) व कर्मचारी के रूप में ग्राम स्तर पर ग्राम सचिव, पंचायत सहायक, रोजगार सहायक को नामित किया है। उन्होने नामित अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि अपने क्षेत्र से सम्बन्धित वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित विधवा पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन के लाभाथिर्यों को जन सेवा केन्द्र के माध्यम से 08 अप्रैल 2022 तक आनलाईन आधार प्रमाणीकरण कराना सुनिश्चित करें। जन सेवा केन्द्रों पर लाभार्थियों के मोबाईल पर ओटीपी आयेगा जिसके लिये लाभार्थियों को जागरूक किया जाये कि लाभार्थी अपना मोबाईल नम्बर एवं आधार कार्ड लेकर अपने निकटतम जन सेवा केन्द्र पर आधार सीडिंग कराने हेतु पहुॅचे। उन्होने बताया है कि माह अप्रैल 2022 से वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित विधवा पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन के लाभाथिर्यों को आधार बेस भुगतान होना है। उन्होने कहा कि प्रत्येक दशा में 08 अप्रैल तक अपने क्षेत्र से सम्बन्धित पेंशनरों के लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण कराना करायें अन्यथा की स्थिति में यदि पात्र पेंशनर्स योजना के लाभ से वंचित रहते है तो सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी संयुक्त रूप से उत्तरदायी होगें।

# लायंस की तृतीय सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज ।के रीजन चेयरपर्सन एवं जोन चेयरपर्सन द्वारा सलाहकार समिति की बैठक रखी गई त् मुख्य अतिथि ग्लोबल एक्शन टीम के एरिया लीडर लायन डॉ जगदीश गुलाटी जी कुंवर बी एम सिंह ने सभी से सदस्यता वृद्धि के लिए निवेदन किया साथ ही 10 सदस्य वृद्धि पर अवार्ड की घोषणा की त् जोन चेयरपर्सन रीना जयसवाल, मुकेश अग्रवाल, अनुरागिनी सिंह, प्रीति टंडन, रागिनी



ने रीजन चेयरपर्सन जगमोहन अग्रवाल, हिमांशु गुप्ता, देवव्रत आर्य, वीरेंद्र जायसवाल, पूर्णिमा सिंह को बधाई देते हुए अंतरराष्ट्रीय लीडरशिप कार्यक्रम से अवगत कराया त् ग्लोबल एक्शन टीम के कोऑर्डिनेटर लायन डॉक्टर आनंद श्रीवास्तव ने क्लब अध्यक्षों से अनुरोध किया कि आगामी वर्ष के पदाधिकारियों का चयन करते हुए उनका मार्गदर्शन भी करें ग्लोबल मेंबरशिप टीम कोऑर्डिनेटर लायन चंदेल, संजय गुप्ता, अतुल मल्होत्रा, डॉ आर के सिंह, डॉ एस के शुक्ला, राजन टंडन ने अपने क्लब के सेवा कायी से अवगत कराया त् सभा में लायन सतीश टंडन, संजीव लोगानी, लाला भैया, ऋषि इरा सेठी, कमलेश जायसवाल, राजेंद्र गुप्ता, वासु मध्यान्‍, हुकुम केसरवानी, सीमा गुप्ता, सुधा बहादुर, डॉ आरबी गुप्ता डॉ द्विवेदी आदि लोग उपस्थित रह

# 04 से 10 अप्रैल तक मनाया जायेगा सड़क सुरक्षा सप्ताह

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) सुशील कुमार मिश्रा ने बताया है कि जनपद में चतुर्थ सड़क सुरक्षा सप्ताह दिनांक 04 अप्रैल से 10 अप्रैल तक मनाया जायेगा। दिनांक 08 अप्रैल को प्रतापगढ़ मुख्यालय पर स्थित रोडबेज बस अड्डे पर प्रातः 10 बजे से स्कूली वाहनों के चालकों का आई0एम0ए0 एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सामान्य स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण का आयोजन किया जाना है। दिनांक 10 अप्रैल को अयोध्या से प्रयागराज जाने वाली राजमार्ग पर स्थित भैरोपुर में प्रातः 10 बजे से चालकों/परिचालकों की सामान्य स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण किया जाना है।

# निर्वाचन हेतु पोलिंग पार्टियों का प्रशिक्षण ०२ अप्रैल को

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक ईशा प्रिया ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन हेतु पोलिंग पार्टी संख्या 1 से 18 तक में नियुक्त किये गये समस्त पीठासीन, समस्त मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय का प्रशिक्षण दिनांक 02 अप्रैल को पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी में सम्पनन्‍ होगा। उन्होने यह भी बताया कि रिजर्व में नियुक्त समस्त पीठासीन/मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तथा समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट (रिजर्व सहित) का प्रशिक्षण अपरान्ह 2 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी में सम्पनन्‍ होगा। उन्होने पीठासीन, मतदान अधिकारियों तथा सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया है कि प्रशिक्षण में समय से प्रतिभाग करें। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता पाये जाने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अन्तर्गत सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी।

# मतदान अधिकारियों एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण सम्पन्न

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नामित सामान्य प्रेक्षक कंचन वर्मा आईएएस तथा मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया की निगरानी में उत्तर प्रदेश विधान परिषद निर्वाचन हेतु मतदान अधिकारियों एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण संपनन्‍ हुआ।यह प्रशिक्षण क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी के सभागार में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, मतदान अधिकारियों का दो पारियों में सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सामान्य प्रेक्षक कंचन वर्मा ने कहा कि यह निर्वाचन बहुत ही संवेदनशील और महत्वपूर्ण है, इसको बहुत सावधानी के साथ एवं पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ हमें सकुशल सम्पन्न कराना है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि यह निर्वाचन सामान्य निर्वाचन से भिन्न है इसको सावधानी पूर्वक सम्पन्न कराना है। इसमें मतदाता भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध करायी गई बैगनी रंग के मार्कर पेन से अपने मतों का प्रयोग करेगें और अपने पसंदीदा उम्मीदवार के सामने 1 अंक लिखेगे। मतदान दिनांक 09 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक सम्पन्न होगा। पोलिंग पार्टियां 8 अप्रैल को अफीम कोठी से प्रस्थान करेंगी और शाम को वापसी पर अफीम कोठी के स्ट्रांग रूम में शील्ड बैलेट बॉक्स जमा की जायेगी। पावर प्वाइन्ट प्रजेन्टेशन के माध्यम से विस्तार पूर्वक मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय के कार्यो एवं उनके दायित्वों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया व मतदान केन्द्र मे ंप्रवेश करने वाले प्राधिकृत व्यक्तियों के बारे में जानकारी दी गयी।इस दौरान प्राचार्य अफीम कोठी शिव प्रकाश ने माइक्रो आब्जर्वर के कार्य एवं उनके दायित्वों को वितस्तार पूर्वक बताया। इस प्रशिक्षण में सभी सेक्टर/स्टैटिक माइक्रो आब्जर्वर एवं मतदान कार्मिकों की चुनाव सम्बन्धी शंकाओं का समाधान दिया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र सहित मास्टर ट्रेनर डा0 मोहम्मद अनीस, धर्मेन्द्र ओझा, अनिल कुमार सिंह, अशोक कुमार शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# देश मे एक ऐसा भी मंदिर!जहा नवरात्र के समय इस मंदिर में प्रवेश नहीं कर सकतीं महिलाएं,कारण जान चौंक जाएंगे

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक

**बलिया।** दुनिया के अलग-अलग समाजों में अलग-अलग किस्म की परंपराएं प्रचलित रहती हैं। कुछ परंपराएं लोगों की आस्था की वजह



से जिंदा रहती हैं। ऐसी परंपराओं को आज के समय में कुछ लोग अच्छा कह सकते हैं तो कुछ लोग खराब, लेकिन जो है, उसे तो मानना ही पड़ेगा।पड़ोसी प्रांत बिहार के नालंदा जिले में एक ऐसा देवी मंदिर है, जहां नवरात्र के समय उस मंदिर में महिलाओं का प्रवेश वर्जित है। स्थानीय लोगों का यह मानना है कि यह परंपरा प्राचीन समय से चली आ रही है और आज तक सभी लोग मानते हैं। बता दें कि कल यानी 2 अप्रैल से नवरात्र का प्रारंभ हो रहा है। यहां की महिलाएं बाहर से ही करेंगी मां आशापुरी के दर्शन नालंदा का यह मंदिर आशापुरी मंदिर के नाम से जाना जाता है। यह घोसरावां गांव में है। इस मंदिर में शारदीय और चैत्र नवरात्र में महिलाओं का प्रवेश नहीं हो सकता है। 2 अप्रैल से शुरू हो रही चैत्र नवरात्र में महिलाएं बाहर से ही मां आशापुरी के दर्शन करेंगी। नवरात्र खत्म होने के बाद 10वीं से महिलाएं मंदिर के अंदर जाकर पूजा कर सकेंगी। बिहारशरीफ से 15 किमी दूर घोसरावां गांव में मां आशापुरी का प्राचीन मंदिर है। यहां नवरात्र के मौके पर तांत्रिक विधि से पूजा की जाती है। पूर्वजों से चली आ रही परंपरा पूर्वजों से चली आ रही परंपरा के अनुसार शारदीय नवरात्र के दौरान महिलाओं का मंदिर परिसर के साथ ही गर्भगृह में जाने की मनाही होती है। चैत्र नवरात्र में मंदिर में प्रवेश तो होता है, लेकिन गर्भगृह में जाने पर प्रतिबंध रहता है। पुजारी पुरेंद्र उपाध्याय बताते हैं कि पूर्वजों से यह परंपरा चली आ रही है, जिसे सभी लोग आज भी निष्ठा पूर्वक निभा रहे हैं। मंदिर में मां दुर्गा की अष्टभुजी प्रतिमा मां आशापुरी मंदिर अति प्राचीन है। मान्यता है कि यह मगध काल में बना है। मां दुर्गा के नौ रूपों में से एक सिद्धिदात्री स्वरूप में पूजा की जाती है। यहां मां दुर्गा की अष्टभुजी प्रतिमा स्थापित है। ऐसा माना जाता है कि इस मंदिर में सबसे पहले राजा जयपाल ने पूजा की थी। मनोकामना पूर्ण होने पर दी जाती है बलि। हर मंगलवार को मां आशापुरी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। संतान प्राप्ति को भी लेकर दूर-दूर से श्रद्धालु मां भगवती की पूजा-अर्चना करने के लिए आते हैं। मां को भोग के रूप में नारियल और बताशा चढ़ता है। मनोकामना पूर्ण होने पर बलि भी दी जाती है।

# दहेज हत्या के आरोपी पति को 10 साल की सजा

**आजमगढ़ ।** दहेज हत्या के मुकदमे में सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत ने आरोपी पति को 10 साल के कठोर कारावास तथा दो हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट नंबर दो खुशतर दानिश ने सुनाया।अभियोजन के अनुसार वादी मुकदमा दलसिगार निवासी अजमलपुर, थाना जैतपुर, जनपद अंबेडकरनगर की पुत्री किरन की शादी पिटू पुत्र गया प्रसाद निवासी छतौना, थाना अहरौला के साथ हुई थी। शादी के बाद दहेज की मांग को लेकर किरन का ससुराल में उत्पीड़न होता था। दहेज की मांग को लेकर 20 फरवरी 2016 को ससुराल में किरन की जलाकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने जांच पूरी करने के बाद आरोपी पति पिटू के विरुद्ध चार्जशीट न्यायालय में प्रेषित कर दिया। अभियोजन पक्ष की तरफ से सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रमोद सिंह ने दलसिगार, बबलू, बिपता देवी, रमाकांत पटेल, डा. वीरेंद्र कुमार, विवेचक राधेश्याम तथा नायब तहसीलदार मिट्ठू लाल को बतौर गवाह न्यायालय में परीक्षित कराया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपी पति पिटू को 10 वर्ष के कठोर कारावास तथा दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

# सब्जी विक्रेता की हत्या कर शव फेंका

**गाजीपुर ।** जंगीपुर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर नौ निवासी सब्जी विक्रेता राहुल कुशवाहा (21) की हत्या कर शव को



फोरलेन के किनारे गेहूं के खेत मे फेंक दिया। इससे स्वजन में कोहराम मच गया। फोरेंसिक टीम जांच कर रही है। राहुल की हत्या कैसे और क्यों की गई है, इसकी जानकारी अभी नहीं हो सकी है। पुलिस अधीक्षक रामबदन सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शीघ्र पर्दाफाश के निर्देश दिए। राहुल जंगीपुर में सब्जी बेचता था। स्वजन के अनुसार 29 मार्च की रात किसी की काल आयी और वह बिना किसी को बताए सनन करके चला गया। रात में घर नहीं लौटा तो हैरान परेशान स्वजन ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। गुरुवार की सुबह पीठिया की बारी (बंगाली बाबा पोखरा) फोरलेन के किनारे गेहूं के खेत में उसका शव मिला। सूचना पर राहुल के स्वजन भी पहुंचे और शव देखकर दहाड़े मारकर रोने-बिलखने लगे। कनपटी के पास गहरा जख्म था, वहीं शरीर के अन्य हिस्से में कई चोट के निशान थे। यह देख पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाया। टीम ने सभी साक्ष्य को एकत्र किया। स्वजन ने बताया कि राहुल का किसी से विवाद नहीं था। किसने हत्या कर दी, इसको लेकर सभी परेशान हैं। वह चार भाइयों में दूसरे नंबर पर था। जंगीपुर थानाध्यक्ष जितेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि शरीर पर गहरे जख्म के निशान हैं। प्रथम दृष्टया लग रहा है कि उसकी हत्या कर शव को फेंका गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही मामले की जांच पड़ताल की जा रही है, शीघ्र ही इसका राजफाश कर दिया जाएगा।

# वैश्य समाज के लोगों से कंधा मिलाकर चलें : रवींद्र जायसवाल

**सैदपुर (गाजीपुर) ।** जायसवाल समाज का होली मिलन समारोह बुधवार को नगर स्थित मैरेज हाल में धूमधाम से मनाया गया। महिला पुरुष सदस्यों के अलावा छोटे से बड़े जनप्रतिनिधि रंग गुलाल से सराबोर हो गए। शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्य



मंत्री स्वतंत्र प्रभार रवींद्र जायसवाल व विशिष्ट अतिथि पंडित दीनदयाल नगर के विधायक रमेश जायसवाल ने भगवान सहस्त्रबाहु की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। पदाधिकारियों ने अथितियों को बुके, स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम देकर स्वागत किया। साथ ही एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया। राज्यमंत्री ने कहा कि सैदपुर भी काशी जैसा ही लगता है। होली हमारे देश का प्रमुख त्योहार है, गीले शिकवे भूल कर लोग इस दिन एक दूसरे के गले लगते हैं। उन्होंने कहा कि जायसवाल समाज के लोग अब वैश्य समाज के लोगों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलें तभी हमें राजनीतिक भागीदारी मिलेगी। विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि वैश्य समाज की ताकत का अहसास अब राजनीतिक पार्टियों को भी हो चुका है। इस बार जितने भी वैश्य समाज के लोगों को टिकट मिला अधिकांश जीत चुके हैं। पार्टी प्रमुख भी जानते हैं कि वैश्य समाज के लोग सक्षम होते हैं, इन्हें धन की लोलुपता नहीं होती। ऐसे लोग सेवा करने के लिए समाज में आएं हैं। जायसवाल क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश जायसवाल ने कहा कि हमारे समाज के लोग आज हर क्षेत्र में आगे हैं। प्रशासनिक क्षेत्र हो या राजनीति हर जगह हमें एकजुटता के माध्यम से ही कामयाबी मिल सकती है। चंदौली के चहानियां ब्लाक के प्रमुख अरुण जायसवाल ने एकजुट होने का आह्वान किया। वीरेंद्र जायसवाल, दीपक जायसवाल, विनीत जायसवाल, सुंदर जायसवाल, संजय जायसवाल, सभासद बृजेश जायसवाल, सुनील जायसवाल, वेदप्रकाश जायसवाल, दयानंद जायसवाल, आलोक, सूर्यांश, मनीष आदि थे। अध्यक्षता मार्कण्डेय जायसवाल व संचालन अनूप जायसवाल व सोनल जायसवाल ने संयुक्त रूप से किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम से बांधा समां : सुनील जायसवाल के बेटी निशिता जायसवाल, पुल्लु जायसवाल की बेटी दिशा जायसवाल ने आकर्षक डांस प्रस्तुत किया। वाराणसी से आए कलाकार अमित राज जायसवाल व उनकी टीम ने होली खेले मसाने में, रन बरसे भींगे चुनर वाली, होली आई रे आदि गीतों पर संयुक्त नृत्य व होली गीत प्रस्तुत कर माहौल होलीमय कर दिया।

# एंबुलेंस में गूंजी किलकारा बच्ची ने लिया जन्म

**सरायमीर (आजमगढ़)।** लखनऊ काल सेंटर से एक काल एंबुलेंस डायल 102 पर आई। एंबुलेंस तुरंत मरीज को लेने बुधवार को उसके घर तरवां ब्लाक के महुवारी पहुंच गई। मरीज सीतामुनी पतने महेश को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तरवा के लिए तुरंत निकल पड़ी, लेकिन रास्ते में कमहरिया के पास सीतामुनी को प्रसव पीड़ा तेज होने के कारण मेडिकल टेकनेशियन पीयूष कुमार एवं आशा कार्यकर्ता करुणा ने अपनी सूझबूझ से सुरक्षित प्रसव एंबुलेंस में ही करा दिया। सीतामुनी ने एक लड़की को जन्म दिया। जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ और सुरक्षित हैं। प्रसव कराने के बाद जच्चा और बच्चा दोनों को पीएचसी तरवां में भर्ती करा दिया। इनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सीतामुनी के स्वजन ने धन्यवाद दिया। जिला प्रभारी अजय राय और प्रोग्राम मैनेजर वीरेंद्र विक्रम सिंह ने कंपनी द्वारा प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र दिलाने का वादा किया।



# मिल्कीपुर बाजार में नहीं मिलती हाईमास्ट की रोशनी

**पवई (आजमगढ़)।** पवई विकासखंड के मिल्कीपुर बाजार बाजार में लाखों



रुपये खर्च कर रोड पर लगाए गए हाईमास्ट लाइट शोभा की वस्तु बन चुकी है। वित्तीय वर्ष 2016-17 व 2017-18 में लाखों खर्च कर बाजार के चौराहे पर हाई मास्ट लाइट लगाई गई थी। लाइट लगी तो लोगों में उम्मीद जगी कि चौराहों पर रात के अंधेरे में चोरी-छिनैती की घटना पर रोक लगेगी, लेकिन चंद महीने बाद लाइट खराब हो गई। एक हाईमास्ट लाइट लगाने में तकरीबन सात लाख का खर्च आया था। लोगों में विभागीय अधिकारियों के प्रति आक्रोश है। पवई, मिल्कपुर बाजार निवासी अशोक कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार जायसवाल, अर्जुन अग्रहरि, संजय सोनी, श्याम प्रकाश यादव, राजेश अग्रहरि, हरिद्वार मिश्रा, विनोद सिह आदि ने जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

# बालिकाओं को गुड टच व बैड टच की दी जानकारी

**जखनियां (गाजीपुर) ।** ब्लाक संसाधन केंद्र मनिहारी पर आयोजित नारी चौपाल में खंड शिक्षा अधिकारी उदय चंद राय ने बालिकाओं के साथ होने वाले गुड टच व बैड टच के बारे में जानकारी दी। चौपाल में मीना मंच की पावर एंजल से जीवन कौशल विकास से संबंधित विभिन्न पोस्टर, आर्ट एंड क्राफ्ट तथा हस्तनिर्मित सामग्रियों का स्टाल लगाया गया। मीना मंच की कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय मनिहारी की बच्चियों ने आत्मरक्षा कौशल का प्रदर्शन किया। कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय कटघरा एवं कंपोजिट विद्यालय गौसपुर बुजुर्गा की बालिकाओं ने नुक्कड़ नाटक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोरारी की बालिकाओं ने पपेट शो का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि डा. प्रभाकर ने बालिकाओं में किशोरावस्था के समय होने वाले बदलाव व उससे उत्पन्न समस्याओं तथा उनके निराकरण के बारे में बताया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाली पावर एंजल व मीना मंच के सुगमकर्ता को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसमें सुगमकर्ता उच्च प्राथमिक विद्यालय गोरारी से फतेमुन निशा, कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय मनिहारी से संतोष कुशवाहा, उच्च प्राथमिक विद्यालय अडीला से



रामजतन राम, कंपोजिट विद्यालय अलावलपुर से कविता तिवारी, कंपोजिट विद्यालय सिहाबारी से सुनीता त्रिपाठी, उच्च प्राथमिक विद्यालय युसुफपुर से सरिता सिंह तथा कंपोजिट विद्यालय गौसपुर बुजुर्गो से किश्वर सुल्ताना रही। विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी जखनियां निखलेंद्र कुमार चौधरी व सीडीपीओ मनिहारी रंजू द्विवेदी रही।

# सीडीओ की जांच में 12 बीडीओ मिले कार्यालय से नदारद

**गाजीपुर ।** शासन से सुबह 10 से 12 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहकर जनता की समस्याओं के निस्तारण के निर्देश अधिकारियों के लिए बेमानी है। सीडीओ ने ब्लाक अधिकारियों की मौजूदगी की टेलीफोन से जांच की तो 12 खंड विकास



अधिकारी दफ्तर में मौजूद नहीं मिले। सीडीओ ने इसे शासन के आदेशों की अवहेलना बताते हुए भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी दी है। गुरुवार को सीडीओ श्रीप्रकाश गुप्ता ने सुबह साढ़े दस बजे जिले के 16 विकास खंडों के खंड विकास अधिकारियों की दफ्तर में मौजूदगी की टेलीफोन से जानकारी ली। इस दौरान भदौरा-जमानियां, कासिमाबाद व मुहम्मदाबाद के खंड विकास अधिकारी कार्यालय में मिले, जबकि बाकी की ग्राम पंचायतों में अपनी मजौदूगी बताई। सीडीओ ने सभी बीडीओ को जारी पत्र में कहा कि चार को छोड़कर सभी अनुपस्थित पाए गए हैं। सीडीओ ने शासन के आदेश का अनुपालन करने के निर्देश दिए हैं। चेतावनी दी है कि अगर भविष्य में ऐसा पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी। नहीं मिले अफसर-कर्मचारी सैदपुर : दैनिक जागरण की पड़ताल में ब्लाक मुख्यालय व नलकूप उपखंड द्वितीय कार्यालय में सुबह 10.30 बजे तक कई अधिकारी व कर्मचारी गायब थे। ब्लाक मुख्यालय पर बीडीओ दिनेश कुमार मौर्य के आफिस का ताला तो खुला था लेकिन दरवाजा बंद था। एडीओ पंचायत के आफिस की कुसिर्यां खाली थीं। नलकूप उपखंड द्वितीय कार्यालय में नलकूप चालक मनीष कुमार बैठकर मुंशी का कार्य कर रहे थे। जिलेदार नंदकुमार सिंह मौजूद थे। सहायक अभियंता नागेश कुमार भारती की कुर्सी खाली थी। लिपिक सुभाष सिंह यादव, कनिष्क लिपिक लक्ष्मी, सुषमा यादव, प्रिस चौबे, आजाद सिंह नहीं आए थे। बीडीओ दिनेश मौर्या ने बताया कि वह परीक्षा ड्यूटी में हैं। 11 बजे तक ब्लाक पर आएंगे। इधर, सहायक अभियंता नागेश कुमार भारती से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन बात नहीं हो पाई।

# विभाग की बातों पर दिया ध्यान फसल बचाने को हुए सावधान

**मेंहनगर (आजमगढ़ )।** शार्ट-सर्किट से खेतों में खड़ी फसलों में आग लगने से बचाने के लिए अन्नदाता सतर्क हो गए हैं। इसके लिए वह अपने खेतों



में ट्रांसफार्मर के नीचे की सूखी फसलों का कुछ हिस्सा काटकर हटा दें रहे हैं, जिससे शार्ट-सर्किट से लगी आग न फैले। इसको लेकर बिजली विभाग के अधिकारी भी जागरूक कर रहे हैं। एक सप्ताह पहले ही मेंहनगर सब स्टेशन के अवर अभियंता रवि कुमार ने लाइनमैन व किसानों की बैठक कर यह अहम सुझाव दिया। कहा कि गेहूं की फसल तैयार हो गई है। अब गर्मी में तेज हवाएं चलेंगी। ऐसे में शार्ट-सर्किट से फसलों में आग लग सकती है। इसको बचाने के लिए पहले से उपाय करना होगा। ट्रांसफार्मर के नीचे गेहूं की फसल को 10 फीट की एरिया में काट देने से पूरे खेत को बचाया जा सकता है। ग्राम कुशमुलिया के दक्षिणी सिवान में लगे ट्रांसफार्मर के नीचे एक किसान ने शार्ट-सर्किट से बचाव के लिए फसल का कुछ हिस्सा काट दिया है। इस उपाय को बाकी किसान भी अपना रहे हैं। आग से बचाव को करें यह उपाय बिजली के तार के नीचे ट्रांसफार्मर के पास खलिहान न लगाएं और न ही फूस के छप्पर बनाएं। किसान जब भी खेत में खलिहान या कटी हुई फसल का ढेर बनाएं, तो बिजली के तार से दूर रखें। -खेत का खर-पतवार तब तक न जलाएं जब तक आसपास दूसरे की सूखी फसल खड़ी हो। -अगर बगीचे पास में हैं तो सूखे पत्ते में आग न लगाएं। खलिहान और फूस के मकान रेलवे लाइन से कम से कम 100 फीट की दूरी पर हों। -पुआल और गोबर के कंडे सूख जाने के बाद आवासीय क्षेत्र से 100 फीट की दूरी पर ढेर लगाएं।

# अतिक्रमण हटाने पहुंचे प्रशासन का व्यापारियों ने किया विरोध

**जहानागंज (आजमगढ़) ।** जहानागंज बाजार के मुख्य चौक पर नाली के ऊपर बने अवैध चबूतरे को हटाने के



लिए बुधवार को नायब तहसीलदार के नेतृत्व में बुलडोजर के साथ अन्य अधिकारी पहुंचे, तो उन्हें व्यापारियों के विरोध का सामना करना पड़ा। आखिर में बिना अतिक्रमण हटाए ही टीम को लौटना पड़ा। व्यापारियों का कहना था कि बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई गलत है। व्यापारियों ने इसका विरोध किया तो बात कहासुनी तक पहुंच गई। इसकी सूचना पाकर कार्यवाहक थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अवधेश अवस्थी एवं एसआइ संतोष यादव फोर्स के साथ पहुंच गए। उन्होंने मामले को शांत कराया। व्यापारियों का कहना था कि अतिक्रमण हटाने के लिए न तो सीमांकन किया गया और न ही किसी को इसकी सूचना दी गई। अचानक बुलडोजर के साथ अधिकारी बाजार में पहुंच गए। व्यापारियों ने कहा यदि प्रशासन जबरदस्ती बुलडोजर चलाएगा तो उसे व्यापारियों के सीने से होकर गुजरना पड़ेगा। कानूनी कार्रवाई जिस हिसाब से की जाती है उसके अनुरूप कार्य किया जाए। हम सब भी उसमें पूरा सहयोग करेंगे। इस मौके पर आनंद गुप्ता, अभय जायसवाल, पीयूष गुप्ता, संतोष मोदनवाल, रिकू जायसवाल, महेश, अवधेश जायसवाल, अशोक सेठ, गोपाल, इमरान अहमद आदि उपस्थित थे।

# प्रमुख पति ने प्रधान पति सहित चार के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**गाजीपुर ।** एमएलसी चुनाव को लेकर सादात ब्लाक मुख्यालय पर प्रधानों और बीडीसी की बुलाई गई बैठक में हुए बवाल के बाद प्रमुख पति की तहरीर पर पुलिस प्रधान पति सहित



चार नामजद व चार अज्ञात के खिलाफ एफआइआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई तेज कर दी है। इधर बड़ागांव प्रधान पति शैश्वेंद्र यादव व सपा जिलाध्यक्ष रामधारी यादव को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल डीएम व एसपी से मिलकर पूर्व प्रमुख संतोष यादव के खिलाफ शिकायत की और मुकदमा दर्ज करने की मांग की। बुधवार को हुए इस बवाल के बाद से ही एक बार फिर से एमएलसी चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। सादात ब्लाक में 88 प्रधान व 107 बीडीसी सदस्य एमएलसी चुनाव के लिए वोटर हैं। बैठक में उपस्थित बड़ागांव के प्रधान पति शैश्वेंद्र यादव का आरोप है कि ब्लाक प्रमुख केवली देवी के प्रतिनिधि संतोष यादव ने उनसे उनकी पतने व ग्राम प्रधान शशि यादव का प्रमाण पत्र मांगा। शैश्वेंद्र वोट देने की बात कहते हुए प्रमाण पत्र देने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर बहसा-बहसी के साथ मारपीट हो गई। देखते ही देखते जमकर लात घुसा और कुसिर्यां चलने लगी। बीच बचाव के बाद किसी तरह मामला शांत हुआ। घटना के काफी देर बाद थाने पहुंचकर ब्लाक प्रमुख के पति विक्रम राम ने बड़ागांव के प्रधान पति शैश्वेंद्र यादव, मनीष यादव, रामधनी राजभर और विनोद राजभर को नामजद करने के साथ ही चार अज्ञात लोगों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट का केस दर्ज कराया। एसओ शशिचंद्र चौधरी ने बताया कि दूसरे पक्ष से कोई तहरीर नहीं मिली है। एक पक्ष से मिली तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को पीड़ित शैश्वेंद्र व हंसराज राम के साथ जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व विधान परिषद चुनाव के पर्यवेक्षक से मिला।

# सात आंगनबाड़ी केंद्रों पर मिली खामियां, नोटिस जारी

**कासिमाबाद (गाजीपुर) ।** बाल विकास परियोजना अधिकारी अरुण कुमार दुबे ने गुरुवार को बहादुरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र भरटोली, भूमिहार टोली, पठान टोली, डाकीनगंज, हरिजन बस्ती, जामा मस्जिद, छावनी, वार्ड नंबर नौ व प्राथमिक विद्यालय बहादुरगंज प्रथम व द्वितीय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर बोर्ड नहीं लगा था। केंद्रों पर बच्चों की संख्या काफी कम मिली। केंद्रों पर साफ-सफाई का अभाव था। चारों तरफ गंदगी फैली हुई थी। सीडीपीओ अरुण कुमार दुबे ने बताया कि सात आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।



# पिता की हसरत ने ओसामा को बना दिया राष्ट्रीय स्तर का मुक्केबाज

**रौनापार (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील के घरसड़ा गांव के खान मोहम्मद ओसामा ने अपने पिता की हसरत पूरी करने के लिए मुंबई में मुक्केबाजी की दुनिया में पैर रखा तो वह कदम दर कदम सफलता की सीढ़ियां चढ़ते गए। किक बाक्सिग में हुनर दिखाने का ऐसा जज्बा चढ़ा की वह अब तक दर्जनों राष्ट्रीय स्तर का अवार्ड प्राप्त कर चुके हैं। 2014 से 2022 तक के मुक्केबाजी के सफर में राष्ट्रीय स्तर के साथ ही अफगानिस्तान, बांग्लादेश और कोरिया के मुक्केबाजों से उनका सामना हो चुका है। 2021 में नेशनल मार्शल आर्ट बंगलुरु की चैंपियनशिप जीतने के बाद ओसामा का जर्मनी के लिए चयन हो गया लेकिन कोरोना काल के चलते प्रतियोगिता स्थगित है। दोनों देशों की हरी झंडी मिलते ही उन्हें जर्मनी के मुक्केबाजों को दमखम दिखाने का अवसर मिलेगा सगड़ी तहसील के घरसड़ा गांव के सामान्य परिवार से संबंध रखने वाले खान मोहम्मद ओसामा के पिता बदरेआलम किसान और मां कुरैशा खातून गृहणी हैं। 2014 में उसके पिता बदरे आलम ने कराटे की मूवी देखी थी। फिल्म देखने के दौरान ही उनके मन में आया कि काश मेरा बेटा भी मुक्केबाज बन देश का नाम रोशन करता। बगल में बैठे मूवी देख रहे ओसामा से उनके पिता ने अपनी हसरत जाहिर की। फिर क्या ओसामा ने पिता की इच्छा पूरी करने की ठान ली और 2014 में मुंबई ताइक्वांडो किक मार्शल आर्ट कोच जावेद खान के संरक्षण में ज्वाइन कर लिया। 2014 में ही थाणे में हुई थ्री नानस्टाप किक बाक्सिग में चैंपियन होने के बाद ओसामा का हौसला बढ़ता गया और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखे। 2015 की इंटरनेशनल मिक्स मार्शल आर्ट दिल्ली में खेलने का अवसर मिला तो वह चैंपियन बने। 2015 में ही इंडिया, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के बीच मुक्केबाजी में भाग लेने का मौका मिला। लेकिन अफगानिस्तान के फाइटर के न आने के कारण हरियाणा से फाइट हुई जिसमें उन्हें बेल्ट आफ चैंपियनशिप प्राप्त हुई। सांताक्रूज, महालक्ष्मी, मझगावा और मुंबई में हुई आधा दर्जन मार्शल आर्ट की किक बाक्सिग में उन्हें अवार्ड मिला है। 2018 में मुंबई बनाम कोलकाता के बीच कोलकाता में हुई नेशनल मार्शल आर्ट में चैंपियनशिप तो 2017 दिसंबर में मलाड में उपविजेता, 2018 मलाड मस्ती थ्री स्टाइल नानस्टाप फाइट में ट्राफी जीते। 2019 में इंडिया वर्सेस अफगानिस्तान का मुकाबला नोएडा में हुआ, जिसमें उनके बेहतरीन प्रदर्शन के चलते जर्मनी जाने का मौका मिला।

# सम्पादकीय

## बायोमैट्रिक डाटाबेस से अपराध नियंत्रण की नई कवायद

यद्यपि हमारी उपलब्धियां हमें गौरवान्वित करती हैं, परंतु हम संतुष्ट तब हो सकते हैं जब देश अपराध से मुक्त हो। ऐसे में नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो की रिपोर्ट की पड़ताल करें तो अपराधों की संख्या को देखते हुए हताशा ही हाथ लगती है। बावजूद इसके यह शासन और प्रशासन का धर्म है कि इनसे निजात पाने के लिए और इससे संलग्न अपराधियों की शिनाख्त के लिए कड़े और नए नियम बनाए और लागू भी करे। दौर जैसे-जैसे करवट ले रहा वैसे-वैसे अपराध की प्रकृति में भी नए और बड़े बदलाव आ रहे हैं। ऐसे में सरकार तकनीक और आधुनिक विज्ञान की मदद से अपराधियों की जांच को लेकर नया कानून लाने की जद्दोजहद में है। इसी के चलते सरकार ने पुलिस को अपराधियों का बायोलाजिकल डाटा लेने का अधिकार देने वाला विधेयक 28 मार्च को लोकसभा में पेश किया। हालांकि यह विधेयक विपक्ष को नहीं भा रहा है। विपक्ष का मत है कि यह मौलिक अधिकारों या मानवाधिकारों के खिलाफ है। विपक्ष का निहित दृष्टिकोण यह है कि यह विधेयक स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार सुनिश्चित करने वाले संविधान के अनुच्छेद 20 (3) और 21 का उल्लंघन करता है। मूल अधिकार के अंतर्गत अपराधों के लिए दोषसिद्धि के संबंध में संरक्षण का उल्लेख अनुच्छेद 20 में है। इसी के उपखंड तीन में स्वयं के विरुद्ध साक्षी होने से संरक्षण मिला हुआ है, जबकि अनुच्छेद 21 प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता के अधिकार को संरक्षित करता है। उल्लेखनीय है कि मौजूदा बंदी शिनाख्त अधिनियम औपनिवेशिक शासनकाल में 1920 में बना था जिसमें केवल फिंगर और फुटप्रिंट ही लिया जाता था। समय बहुत बदल चुका है और यह लगभग एक सदी पहले का मामला है। जाहिर है सोच, समझ, सरोकार और आचरण के साथ अनेक चीजों में भी बदलाव आ चुका है। अपराधियों में भी अपराध के नए ट्रेंड के साथ अपराध का विस्तार हो चला है। ऐसे में दंड प्रक्रिया शिनाख्त अधिनियम 2022 एक वाजिब तर्क के साथ लोकसभा में पेश किया गया जिससे जांच एजेंसियों को फायदा होगा और अभियोजन के साथ-साथ कोर्ट में दोषसिद्धि का प्रतिशत बढ? की पूरी संभावना है। नए विधेयक में पुलिस को दोषियों और अपराध के मामले में गिरफ्तार व्यक्ति की अंगुली और हथेली व पैरों की छाप, फोटो, आंखों की पुतली, रेटिना तथा लिखावट के नमूने व हस्ताक्षर समेत बायोलाजिकल सैंपल और उसका विश्लेषण आदि जानकारी एकत्रित करने की बात निहित होगी। जाहिर है अपराधियों का एक बायोमैट्रिक डाटाबेस तैयार करने में मदद मिलेगी। सरकार का मत है कि अधिक ब्यौरा मिलने से दोषियों को सजा दिलाने में तेजी आएगी। इतना ही नहीं, जांचकर्ताओं को अपराधियों को पकड? में सुविधा मिलेगी। दरअसल अपराधों के कई स्वरूप हैं। अमेरिका में यौन अपराधों का डाटाबेस सार्वजनिक है, जबकि आस्ट्रेलिया, कनाडा, आयरलैंड, न्यूजीलैंड तथा दक्षिण अफ्रीका व ब्रिटेन आदि देशों में यह डाटाबेस न्याय व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों तक ही सीमित रहता है। भारत के मामले में यह सार्वजनिक होगा या नहीं, अभी कहना मुश्किल है। वैसे अपराधियों का बायोमैट्रिक डाटाबेस लांच करने वाला महाराष्ट्र पहला राज्य बन सकता है। अपराध जब समाज में चौतरफा मुसीबत का सबब बनता है, तब इसे खत्म करने के लिए कानूनों को सशक्त करना ही होता है। यह बात शायद ही कोई भूल पाया होगा कि वर्ष 2018 में जम्मू-कश्मीर के कठुआ में एक नाबालिग बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। इसके अलावा भी दूसरे कई मामले तेजी से उभार लेने लगे। यही वह वक्त था जब डाटाबेस को तैयार करने का निणन्य लिया गया। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के मुताबिक साल 2016 में वर्ष 2015 की तुलना में महिलाओं के प्रति अपराध और दुष्कर्म के मामले में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। कोरोना महामारी से प्रभावित वर्ष 2020 के दौरान अपराधों के मामले में 2019 की तुलना में 28 फीसद की वृद्धि दर्ज हुई। सुशासन एक लोक प्रवर्धित अवधारणा है जिसमें लोक कल्याण ही नहीं, बल्कि संवेदनशीलता और पारदर्शिता इसके प्रथम नियम होते हैं। मौजूदा सरकार सुशासन की पगडंडी पर दौड़ लगा रही है। ऐसे में अपराध से निपटने के लिए कुछ कठोर कदम उठाने जरूरी लग रहे हैं। नए विधेयक के कानूनी रूप लेने से पुलिस को अपनी पहचान देने से कोई भी आरोपी या सजायाफ्ता इन्कार नहीं कर सकता है। विधेयक के अनुसार अपराधियों से जुड़ा डाटा एनसीआरबी के पास रहेगा। प्रसंग यह भी है कि यह प्रत्येक आरोपी या अपराधी पर लागू नहीं होता। जिस अपराध में सजा सात साल से कम हो या फिर महिला या बच्चों के खिलाफ हुए अपराध के अलावा किसी अन्य में गिरफ्तारी हुई हो तो ऐसे में आरोपी चाहे तो बायोलाजिकल सैंपल देने से मना कर सकता है। विदित हो कि कोई भी विधेयक जब एक सदन पारित करता है तो दूसरे में रखा जाता है और जब वहां पारित होता है तो राष्ट्रपति की मोहर लगने के बाद कानून बन जाता है। अभी उक्त विधेयक प्रक्रिया में है। फिलहाल अंग्रेजी हुकूमत के समय बने मौजूदा कानून में अब खामियां आ चुकी हैं। तकनीकी रूप से बहुत कुछ बदल चुका है। ऐसे में घिसे-पिटे तौर-तरीके के तहत बढ़ते अपराध पर लगाम लगाना मुश्किल तो है। बावजूद इसके विपक्ष की उन बातों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता जो मूल अधिकार के अंतर्निहित बिंदु उन्होंने उठाए हैं। हालांकि कानून कितने भी सशक्त क्यों न हो, जब तक उसका सही अनुपालन संभव न किया जाए, तब तक देश और समाज को न तो पूरा न्याय मिलता है और न ही सुशासन को मजबूती।

# नवसंवत्सर हमें हमारी समृद्ध सांस्कृतिक थाती से परिचित कराने और उसे सहेजने देता है अवसर

नातन धर्म के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से भारतीय नवसंवत्सर का आरंभ होता है। इसके स्वागत में हमें यह भी स्मरण रखना चाहिए कि यह हमें हमारी संस्कृति से परिचित कराने और उसकी महत्ता रेखांकित करने का भी अवसर उपलब्ध कराता है। इसी दिन को ब्रम्हांड की उत्पत्ति का दिन भी माना जाता है। सृष्टि की उत्पत्ति के प्रथम दिन से ही भारतीय संस्कृति में नववर्ष मनाने की परंपरा है। यह नववर्ष विश्व समाज में मनाए जाने वाले भिनन-भिनन प्रकार के नए वषी से अलग है। यह स्वयं में आध्यात्मिक रहस्य भी समेटे हुए है। भारतीय नवसंवत्सर रात भर जागकर नाचने-गाने का अवसर नहीं है। वास्तव में यह उत्सव प्रकृति के साथ एक समन्वय स्थापित कर वर्ष भर के लिए निर्बाध जीवन की कामना है। यह अवसर प्रकृति में होने वाले परिवर्तनों से तादात्म्य बैठाने के साथ-साथ उनके अनुरूप स्वयं को ढालने का संदेश देता है। इसीलिए यह संकल्प लेने और साधना करने का दिन है। संकल्प और साधना के लिए ही नवरात्र का प्रविधान किया गया है। सृष्टि के साथ अपना एक अव्यक्त सा रेशमी नाता अनुभव करने का भाव हर मन में भर जाता है इस दिन। सूरज की स्वर्णिम किरणों सभी को सन्हे से सहलाते हुए मानो जीवन के उस अबूझ रहस्य को समझने का संकेत करती हैं, जिसके लिए हम पृथ्वी पर आए हैं। धरती से लेकर आकाश तक फैला मौन उस असीम अबूझ का भेद खोलने लगता है। भोगमय जीवन से अलग हटकर उसके वास्तविक मर्म को जानने का पर्व बन जाता है यह उत्सव। जीवन की परिपूर्णता पर बल देने के कारण नवसंवत्सर धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष



जैसे पुरुषार्थी को भी सिद्ध करने का अवसर बन जाता है। शिव के एकात्म अस्तित्व का बोध कराने वाला पड़ाव है हमारा नवसंवत्सर। इस दौरान पूरी सृष्टि में एक अलग सा स्पंदन महसूस करने लगता है हर प्राणी। चैत्र की गंध वाही वायु के साथ हर चित्त उन्मन होता है और विकल हो उठता है अपने अनंत प्रियतम से मिलने को। इसीलिए विरह की पीर कुछ अधिक ही टीस देने लगती है चैत्र मास में। प्रिय अनंत, जिससे बिछड़कर प्राणी इस संसार में भटकता है, उसी की खोज में मन मृगछौना सा कुछ और ही भटकने लगता है। पूरी प्रकृति में मिलन और सौंदर्य की एक आतुरता दिखाई देने लगती है। यह ऋतु माधव की ऋतु है। माधव यानी परब्रह्म पूरी सृष्टि में वसंत बनकर छा जाता है। आनंद बन छलक उठता है प्रकृति में। प्रेम का पाथेय लेकर पुष्प खिलखिला उठते हैं। चंद्रमा की कलाएं अपनी शीतलता और सिन्धता में ईश्वरीय चिंतन के लिए एक आध्यात्मिक वातावरण का सृजन करने लगती हैं। परब्रह्म की प्रकृति स्वरूपा शक्ति आह्लादित होती है। इसीलिए हम शक्ति की आराधना से इस नवसंवत्सर का आरंभ करते हैं। शक्ति स्त्री रूपा है। वही लक्ष्मी, गौरी, सरस्वती का रूप धारण करती है। दुर्गा, काली, शिवा, धात्री आदि अनेक रूपों में हम अखिल ब्रंाड में मातृ तत्व के रूप में व्याप्त इसी एकमात्र शक्ति का आह्वान करते हैं और इस भाव से भरते हैं कि इस धरती पर मां की तरह कोई शक्ति निरंतर हमारा सृजन और पालन कर रही है। हम सब उसकी संतानें हैं, परंतु जब कभी हम अहंकार में उस शक्ति को नकारने का उपक्रम करने लगते हैं या सृष्टि को बाधा पहुंचाते हैं तो वह शक्ति चंडी का रूप धारण कर हमें रोकती है। शक्ति का सकारात्मक उपयोग करने की प्रेरणा देने आता है नवसंवत्सर, ताकि संपूर्ण मानवता के लिए हम कष्टकारी न बनने पाएं। भोग और भौतिकता की चाहत हमें शांत नहीं रहने देती। हमारे वैदिक ऋषि मुनि यह आह्वान करते थे कि धरती पर सभी शांतचित्त हों। मनुष्य मनुष्य का या प्रकृति का शत्रु न बने, इसकी कामना हमारे ऋषियों-मुनियों ने की। हम यह समझें कि मानव कल्याण की बातें समझाने आता है नवसंवत्सर। इसीलिए नवरात्र के रूप में शक्ति के जागरण का महापर्व भी है यह उत्सव। प्रकृति के सौंदर्य और साम्यावस्था में अपनी आध्यात्मिक शक्तियों का जागरण और जीवन के प्रति नवस्फुरण उद्देश्य होता है इस नवसंवत्सर में। आंखें मूंदें रखने से नए सूरज का दर्शन नहीं हो सकता, इसलिए नए संकल्प के साथ नए अरुणोदय को अपनी आंखों में, हृदय में उतारना होता है। मन को भर लेना होता है चिडि़यों की चहचहाहट से। स्वीकार करना होता है सह-अस्तित्व की संकल्पना को। संभवतः इसीलिए यह भारतीय नववर्ष मानवीय मूल्यों से ओतप्रोत है। इसमें हमारे मंत्र द्रष्टा ऋषियों की वैज्ञानिक सोच और दृष्टि अंतर्निहित थी। नवसंवत्सर को वैश्विक मानवीय मूल्यों और सत्य के साक्षात्कार के दृष्टिकोण से समझने का प्रयास करना चाहिए। इसी क्रम में यह भी स्मरण रखना चाहिए कि नवसंवत्सर भारत की कालगणना की समृद्ध परंपरा को भी रेखांकित करता है। कालगणना के आकलन का आधार अत्यंत व्यापक है। यह सूर्य, चंद्रमा और पृथ्वी की गति के आकलन पर आधारित है। पंचांग तिथि, वार, नक्षत्र, करण और योग सूचकों के साथ तैयार होता है। इसी प्रकार प्रत्येक माह की अवधि भी नक्षत्र की कालावधि से निर्धारित होती है। वास्तव में इसीलिए इसमें त्रुटि की आशंका न्यून होती है। यह कालगणना वैज्ञानिक भी है और प्रामाणिक भी। ऐसे में इसका स्वागत करते समय हमें यह भी स्मरण रखना चाहिए कि यह हमें हमारी समृद्ध सांस्कृतिक थाती से परिचित कराने और उसे सहेजने का भी अवसर उपलब्ध कराता है।

# पाकिस्तानी सेना को आशंका, चीन की गोद में बैठने के चलते कहीं पाक का अंजाम श्रीलंका जैसा न हो जाए

अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने आइएसआइ के पूर्व मुखिया हामिद गुल की अंगुली पकड़कर अपनी राजनीतिक यात्रा आरंभ की थी। इमरान को राजनीति में लाने वाले गुल वही शख्स थे, जिन्होंने तालिबान को भी खड़ा किया था। आज जो पाकिस्तानी सेना इमरान की राजनीतिक बलि लेना चाहती है, उसी ने साढ़े तीन साल पहले छल-बल से उनकी सरकार बनवाई थी। इसी कारण समय-समय पर इमरान सेना के साथ अपने बेहतरीन रिश्तों का दम भरते रहे, पर एकाएक सब बदल गया और अब स्थिति यह है कि इमरान के हाथ से सत्ता की लगाम छूटने वाली है। कुछ दिन पहले ही इमरान खान ने भारतीय विदेश नीति की तारीफ के पुल बांधे और भारतीय सेना को भ्रष्टाचार मुक्त बताया था। इससे वह इशारों में ही सही, लेकिन भारतीय सेना की तुलना पाकिस्तानी फौज से कर गए और एक तरह से अपनी फौज को भ्रष्टाचार में डूबा बता गए। इमरान खान ने यह सब तब बोला जब उनकी सरकार अपने सांसदों की घटती संख्या के चलते गंभीर संकट में घिरी हुई थी। इमरान अपनी फौज को नीचा दिखाने के लिए यह सब इसलिए बोल रहे थे, क्योंकि



उन्हें समझ आ गया था कि वह अब उन्हें सत्ता से चलता करना चाहती है। जाहिर है कि भारतीय सेना से अपनी ऐसी तुलना पाकिस्तानी सेना को नागवार गुजरी। इसके बाद घटनाक्रम तेजी से बदला। नवाज शरीफ को भ्रष्टाचार के मामलों में क्लीन चिट मिल गई। इमरान खान की सरकार का एक और घटक एमक्यूएम पाला बदलकर विपक्ष के साथ हो लिया। यह सब दिखाता है कि पाकिस्तानी तंत्र पर सेना की कितनी मजबूत पकड़ है। शायद अब पाकिस्तानी सेना ने नवाज शरीफ परिवार को कुर्सी पर बैठाने की ठानी है। यह वही नवाज शरीफहैं, जिनका अतीत में फौज से छत्तीस का आंकड़ा रहा है। नवाज शरीफ के छोटे भाई शाहबाज शरीफ अब जनरल बाजवा की तारीफ में यह कह रहे हैं कि जनरल साहब ने उनसे कहा है कि नवाज शरीफ की सरकारों में पाक फौज को बहुत सम्मान और संसाधन मिलते रहे। इमरान खान के सेना से खराब हुए रिश्तों की कहानी पाकिस्तानी फौज की आंतरिक राजनीति और उसके विकसित होते वैश्विक नजरिये के बारे में कई महत्वपूर्ण संकेत देती है। सेना प्रमुख कमर जावेद बाजवा से इमरान के रिश्ते तब खराब हुए, जब पिछले साल उन्होंने अपने चहेते आइएसआइ प्रमुख फैज हमीद को हटाकर बाजवा की पसंद नदीम अंजुम को नया आइएसआइ मुखिया बनाने में आनाकानी की। कहते हैं कि बाजवा को हमीद का काबुल पर तालिबानी कब्जे के बाद वहां जाना और सार्वजनिक तौर पर दिखना पसंद नहीं आया। विपक्षी दल हमीद को इमरान का आदमी बताते आए थे। उन पर इमरान की सरकार बनवाने से लेकर विपक्षी नेताओं को धमकाने के आरोप थे। ऐसे में जब तालिबान का कब्जा होते ही हमीद काबुल में प्रकट हुए और सिराजुद्दीन हक्कानी को गृहमंत्री बनवा दिया तो पाकिस्तान में यह संदेश गया कि मुल्क की अफगानिस्तान नीति इमरान चला रहे हैं और तालिबान को जो सफलता मिली, वह बाजवा के नेतृत्व में नहीं, बल्कि इमरान और हमीद ने दिलवाई। बाजवा को आइएसआइ के मुखिया की तालिबान से सार्वजनिक निकटता इसलिए भी रास नहीं आई, क्योंकि इससे अमेरिका चिढ़ सकता था। ऐसा हुआ भी। बाजवा चाहते हैं कि अमेरिका से 20 साल के छद्म युद्ध के बाद मिली सामरिक गहराई को समग्रता में सहेजा जाए। इसीलिए पाकिस्तानी फौज कश्मीर को लेकर भी काफी हद तक शांत है। वह पाकिस्तान के पूरी तरह चीन के पाले में जाने को लेकर भी सशंकित और असहज है। इसका कारण चीन का हर कर्ज का पूरा हिसाब-किताब मांगना, ग्वादर और सीपैक जैसी परियोजनाओं में पाकिस्तानी हितों को दरकिनार कर चीनी हितों को सर्वोपरि रखना, घटिया सैन्य साजोसामान भेजना और चीन में मुसलमानों पर बढ़ते अत्याचार हैं। वहीं खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के बीच सेना को लग रहा है कि पूरी तरह चीन की गोद में बैठने के चलते कहीं पाकिस्तान का अंजाम भी श्रीलंका जैसा न हो जाए। पाकिस्तान जितना चीन की ओर झुका जा रहा है, उतना ही चीन को लेकर सामरिक संतुलन बनाने के लिए अमेरिका भारत पर निर्भर होता जा रहा है, जो पाकिस्तानी सेना के लिए चिंताजनक है। यही कारण है कि जब चीनी सेना पूर्वी लद्दाख में भारत की सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती पेश कर रही थी, तब पाकिस्तानी सेना ने भारत के साथ संघर्षविराम किया, ताकि अमेरिका को यह संदेश दिया जा सके कि पाकिस्तान चीन के साथ सैन्य जुगलबंदी कर भारत के लिए दो मोर्चों पर युद्ध का खतरा उत्पनन कर हिंद प्रशांत क्षेत्र का सामरिक संतुलन बिगाड़ने की हद तक नहीं जाना चाहता। बाजवा यह भी चाहते थे कि इमरान खान अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन द्वारा आयोजित डेमोक्रेसी समिट में जाएं, मगर चीन को खुश रखने के लिए इमरान ने ऐसा नहीं किया। जबकि तमाम देशों द्वारा बहिष्कृत बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक में चले गए। जब बाजवा यूक्रेन का दौरा कर जेलेंस्की सरकार से टी-84 टैंकों के सौदे पर आगे बढ़कर चीनी वीटी-4 टैंकों को नकारने की योजना बना रहे थे, तब इमरान मास्को पहुंच गए और वह भी यूक्रेन पर रूसी हमले के कुछ घंटों पहले। पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र में रूस को लेकर मतदान से भी अनुपस्थित रहा। ध्यान रहे कि रूस पाकिस्तान को टी- 90 टैंक देने से मना कर चुका था। वहीं अमेरिकी कठपुतली जेलेंस्की अगर टी-84 टैंक देने को तैयार थे तो यह अमेरिका की मौन सहमति के बिना संभव नहीं था। अगर इमरान सत्ता से बाहर हुए, जिसके प्रबल आसार दिख रहे हैं, तो नई सरकार सेना की मंशा के अनुरूप अमेरिका और चीन से रिश्तों में संतुलन बनाती दिखेगी। वह यूक्रेन को लेकर भारत के रवैये पर अमेरिकी असंतोष को भुनाने का भी प्रयास कर सकती है। जो भी हो, भारत को इस घटनाक्रम पर गहनता से नजर रखनी होगी।

# अल्पसंख्यक दर्जा मामले पर नए सिरे से हो विचार

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति फ्रेंकलिन डी रूजवेल्ट ने एक बार कहा था, 'जो प्रजातंत्र अल्पसंख्यकों के अधिकार को अपना आधार नहीं बनाता, वह सफल नहीं हो सकता।ऽ शायद यही वजह है कि हमारे राजनीतिज्ञों ने समय-समय पर अल्पसंख्यकों के अधिकारों की वकालत की है। अल्पसंख्यकों को अधिसूचित करने से संबंधित याचिका हमारे देश में सबसे पहले वर्ष 2017 में दायर की गई थी। लेकिन कई कारणों से इस पर सुनवाई अटकती रही। पिछले दिनों उच्चतम न्यायालय में अल्पसंख्यकों को अधिसूचित करने की केंद्र की शक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार मंथन प्रारंभ हुआ। दायर याचिका में कहा गया था कि जहां हिंदुओं की संख्या कम है, वहां केंद्र सरकार द्वारा हिंदुओं को अल्पसंख्यक समुदायों के रूप में अधिसूचित करना चाहिए। शीर्ष अदालत में दायर याचिका में यह भी कहा गया कि देश के नौ राज्यों में हिंदू अल्पसंख्यक हैं, लेकिन वहां हिंदुओं की जगह स्थानीय बहुसंख्यक समुदायों को ही अल्पसंख्यक हितैषी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। यहां तक कि याचिकाकर्ता ने अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों के लिए राष्ट्रीय आयोग अधिनियम 2004 की धारा 2 (एफ) की वैधता को यह कहते हुए चुनौती दी थी कि यह केंद्र को अकूत शक्ति देती है जो साफ तौर पर मनमाना और अतार्किक है। साथ में अल्पसंख्यक घोषित समुदाय शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना और उसके प्रशासन का कार्य भी कर सकते हैं। केंद्र ने यह भी कहा है कि अल्पसंख्यकों के मामले में कानून बनाने की शक्ति केवल राज्यों को ही नहीं दी जा सकती, क्योंकि कानून बनाने का अधिकार केवल राज्य को देना एक संवैधानिक योजना और शीर्ष अदालत के कई फैसलों के खिलाफ होगा। उल्लेखनीय है कि समाज के हर वर्ग की आवश्यकताओं के अनुरूप देश के संसाधनों के बंटवारे की बात और उसके सदुपयोग के बारे में सोचना सरकार का ही काम है। समाज में जो भी किसी स्तर पर वंचित है अब देश के संसाधनों को उसके लिए उपलब्ध कराने के बारे में विचार करना चाहिए जिससे समाज के उत्थान के लिए चलाई जाने वाली योजनाएं विभाजनकारी न साबित होने लगें। ध्यातव्य है कि किसी भी देश के लिए धर्म के आधार पर अल्पसंख्यक का दर्जा देना सरकार की योजनाओं के लिए पात्रता की गारंटी कभी नहीं देता। योजनाएं अल्पसंख्यकों के बीच केवल आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर और वंचितों के लाभ के लिए होती हैं। इसलिए सबसे पहले अल्पसंख्यक को स्पष्ट करना होगा कि वास्तविक रूप में अल्पसंख्यक कौन है। संविधान में अल्पसंख्यकों के लिए प्रविधान संविधान में अल्पसंख्यकों की परिभाषा



अधूरी है, जिसका दुरुपयोग समय समय पर किया जाता रहा है। एक बुनियादी प्रशन आरंभ से ही उपेक्षित है कि बहुसंख्यक कौन है? ऐसे में अल्पसंख्यक की धारणा ही असंभव हो जाती है, क्योंकि ये दोनों ही तुलनात्मक अवधारणाएं हैं। एक के बिना दूसरा नहीं हो सकता। दरअसल वर्ष 1978 में केंद्रीय गृह मंत्रालय के एक प्रस्ताव में अल्पसंख्यकों के लिए एक आयोग की बात की गई थी। उस प्रस्ताव में कहा गया था कि संविधान में दिए गए संरक्षण और कई कानूनों के होने के बावजूद, देश के अल्पसंख्यकों में एक असुरक्षा और भेदभाव की भावना है। इसी भावना को मिटाने के लिए अल्पसंख्यक आयोग का जन्म हुआ। बहरहाल, 'अल्पसंख्यकऽ शब्द संविधान के कुछ अनुच्छेदों में ही दिखाई देता है, लेकिन इसे कहीं भी परिभाषित नहीं किया गया है। अनुच्छेद 29 के तहत अल्पसंख्यक तथा बहुसंख्यक दोनों को अधिकार प्राप्त हैं। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने बताया कि इस अनुच्छेद का दायरा केवल अल्पसंख्यकों तक ही सीमित नहीं है, क्योंकि अनुच्छेद में 'नागरिकों के वर्गऽ शब्द के उपयोग में अल्पसंख्यकों के साथ-साथ बहुसंख्यक भी शामिल हो जाते हैं। फिर तो हिंदू भी हैं अल्पसंख्यक : सुप्रीम कोर्ट में दायर एक याचिका में कहा गया था कि सर्वोच्च अदालत केंद्र-राज्य स्तर पर अल्पसंख्यकों की पहचान करने के लिए निर्देश जारी करे, क्योंकि दस राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में हिंदू अल्पसंख्यक हैं, परंतु उन्हें अल्पसंख्यकों के लिए दी जानी वाली सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। मालूम हो कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार लक्षद्वीप में 2.5 प्रतिशत तो मिजोरम में 2.75 प्रतिशत, नगालैंड में 8.75 प्रतिशत के साथ मेघालय में 11.53 प्रतिशत, जम्मू-कश्मीर में 28.44 प्रतिशत, अरुणाचल प्रदेश में 29 प्रतिशत, मणिपुर में 31.39 प्रतिशत और पंजाब में 38.4 प्रतिशत के साथ हिंदू भी अल्पसंख्यक बन गए हैं। बहरहाल, केंद्र सरकार ने कहा है कि ऐसा होने की स्थिति में हिंदू भी इन राज्यों में अपने अल्पसंख्यक संस्थान स्थापित और संचालित कर सकते हैं। ऐसे में प्रमुख सवाल यह है कि आखिर अल्पसंख्यक आयोग अथवा मंत्रालय जैसी संस्थाओं की देश में आवश्यकता ही क्या है? वैसे भी संविधान में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का जिक्र है जो सबके लिए है, तो सवाल है कि अगर एक आयोग है जो सबके लिए है तो फिर अलग से किसी आयोग की क्या आवश्यकता है, वह भी धार्मिक बिंदु पर। हमारे पास सामाजिक न्याय मंत्रालय है तो फिर अलग से धर्म के आधार पर मंत्रालय की क्या जरूरत है अब इस पर विचार करने की आवश्यकता है कि क्या हम 'एक भारत श्रेष्ठ भारतऽ चाहते हैं या फिर छोटे-छोटे भागों में बंटा हुआ भारत देखना चाहते हैं, क्योंकि भाषा, धर्म और क्षेत्र के आधार पर बंटवारा सदैव से होता आया है। लेकिन हम सब अब स्वाधीनता के 75 वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं। ऐसी स्थिति में हमें विभाजनकारी मानसिकता से बाहर निकलना होगा और सभी के लिए समानता की बात करनी होगी, जिसमें धर्म, जाति, पंथ, अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक के आधार पर बंटवारा नहीं होगा। राज्य भी दे सकते हैं अल्पसंख्यक का दर्जा : केंद्र सरकार की ओर से अदालत में दाखिल हलफनामे में बताया गया है कि राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शिक्षा संस्थान अधिनियम, 2004 के मुताबिक राज्य सरकारें अपने राज्य में हिंदुओं समेत धार्मिक और भाषाई समुदायों को अल्पसंख्यक घोषित कर सकती हैं। यह विषय समवर्ती सूची में आता है, इसलिए इस पर केंद्र और राज्य दोनों को कानून बनाने का अधिकार है। बदलते परिदृश्य में अब समय आ गया है कि राष्ट्रीय स्तर पर नहीं, बल्कि प्रादेशिक स्तर पर अल्पसंख्यकों को परिभाषित किया जाए, जिन राज्यों में जिस समुदाय के लोग सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से तथा जनसंख्या के आधार पर अल्पसंख्यक हैं, उन्हें अल्पसंख्यक का दर्जा दिया जाए, जिससे अल्पसंख्यक कल्याण योजनाओं का लाभ उचित लोगों तक पहुंच सके। यह भी सत्य है कि देश का विभाजन धर्म के आधार पर हुआ था, काफी हिंसा भी हुई थी, इसके बावजूद संविधान निर्माताओं ने यह दूरदर्शी फैसला लिया कि हिंदुस्तान एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र होगा और सबको समान अधिकार दिया जाएगा। लेकिन अल्पसंख्यक कौन हैं, इसकी पहचान करना पहली शर्त होनी चाहिए। वैसे यह इतना आसान नहीं है। किसी समुदाय को राज्य स्तर पर अल्पसंख्यक घोषित करने में प्रमुख समस्या यह है कि इस शब्द की परिभाषा कहीं नहीं बताई गई है, दूसरा यह कि राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम में भी इसकी कोई परिभाषा नहीं बताई गई है। ऐसे में यह विडंबनापूर्ण स्थिति है कि कहीं पर कोई समुदाय 96 प्रतिशत तक होने के बावजूद उसे अल्पसंख्यक का दर्जा प्राप्त है और वहीं किसी राज्य में केवल दो प्रतिशत आबादी वाले लोग बहुसंख्यक हैं। शायद यही कारण है कि वे अल्पसंख्यकों को मिलने वाले लाभ से वंचित हैं। अतः इन तमाम बातों पर विचार करना अब समय की आवश्यकता बन गई है। अल्पसंख्यक और बहुसंख्यकवाद की अवधारणा समाप्ति पर विचार । गत वर्ष नरेन्द्र मोदी सरकार ने उच्चतम न्यायालय में दावा किया था कि कोई धर्म निरपेक्ष सरकार अल्पसंख्यक विश्वविद्यालयों की स्थापना नहीं कर सकती है। वहीं अपने एक निणन्य में उच्चतम न्यायालय ने भी इस बात पर जोर दिया था कि किसी ऐसे प्रजातांत्रिक समाज, जिसने समानता के अधिकार को अपना आधार माना है, उसका आदर्श बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक के साथ-साथ अगड़े और पिछड़े वर्ग जैसे भेदभाव को मिटाना है। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि भारत संविधान से चलता है और इस संविधान में कहीं भी अल्पसंख्यक मंत्रालय या अल्पसंख्यक आयोग का उल्लेख नहीं है। संविधान के मसौदे में सिख, जैन और बौद्ध संप्रदायों को हिंदू ही माना गया था। परंतु संविधान के लागू होने के साथ ही जैनियों ने इसका विरोध किया। फिर उन्हें अलग धार्मिक अल्पसंख्यक का दर्जा दे दिया गया। इसी प्रकार सिखों ने भी इसका विरोध किया। उन्हें भी अलग धर्म का दर्जा दे दिया गया।

# कोयले की आपूर्ति प्रभावित होने से मंडराने लगा बिजली संकट, उत्तर भारत के कई राज्यों में हो रही है कटौती

**नई दिल्ली।** घरेलू स्तर के साथ आयातित कोयले की सप्लाई प्रभावित होने से बिजली संकट का खतरा मंडराने लगा है। कई राज्यो में बिजली




की घंटों कटौती शुरू हो चुकी है जिससे औद्योगिक उत्पादन भी प्रभावित हो रहा है। महाराष्ट्र अपने पावर प्लांट के लिए कोयले की कमी बता रहा है। गुजरात भी बिजली संकट से जूझ रहा है। उत्तर प्रदेश समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में बिजली की घंटों कटौती हो रही है। बिजली की मांग में होने वाली बढ़ोतरी को देखते हुए पावर एक्सचेंज आईईएक्स में एक अप्रैल को बिजली की कीमत प्रति यूनिट 20 रुपए के स्तर तक पहुंच गई। जानकारों का कहना है इस साल समय से पहले उत्तर भारत में गर्मी अधिक पड़ने से भी बिजली की मांग में बढ़ोतरी हुई है। इस साल मार्च में बिजली की खपत पिछले साल मार्च के मुकाबले 4.6 फीसद अधिक रही। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में बिजली की कुल उत्पादन क्षमता 3.95 लाख मेगावाट है और इनमें से 2.35 लाख मेगावाट थर्मल बिजली है। 2.10 लाख मेगावाट बिजली का उत्पादन कोयले से होता है तो लगभग 25,000 मेगावाट की क्षमता गैस आधारित है। भारत अब भी मुख्य रूप से बिजली के लिए कोयला आधारित पावर प्लांट पर ही निर्भर करता है। फिलहाल मांग में बढ़ोतरी के बावजूद पावर प्लांट का पीएलएफ (प्लांट लोड फैक्टर) 60 फीसद से कम है। 2.10 लाख मेगावाट के कोयला आधारित पावर प्लांट में से लगभग 40,000 मेगावाट के पावर प्लांट आयातित कोयले पर निर्भर करते हैं क्योंकि उनके प्लांट की संरचना ऐसी है कि वे घरेलू कोयले से नहीं संचालित हो सकते हैं। बाकी के पावर पलांट भी कोयले की कमी को दूर करने के लिए 10 फीसद तक आयातित कोयले का इस्तेमाल करते है। रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोयले के दाम में भारी बढोतरी हुई है। यूरोप में कोयले की मांग काफी बढ़ गई है क्योंकि वहां प्राकृतिक गैस की किल्लत हो गई है। इससे आयातित कोयले की सप्लाई प्रभावित हो रही है। इकरा की रिपोर्ट के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोयले की कीमत बढ़ने से आयातित कोयले से चलने वाले पावर प्लांट की उत्पादन लागत में पिछले एक साल में तीन रुपए प्रति यूनिट की बढ़ोतरी हो चुकी है। घरेलू स्तर पर भी दो दिन पहले तक पावर प्लांट के पास औसतन नौ दिन का कोयला स्टॉक था जबकि यह स्टॉक 24 दिन का होना चाहिए। आयातित पावर प्लांट के पास कोयले का स्टाक नाजुक स्थिति में है। इंडिया रेटिंग एंड रिसर्च के निदेशक एवं ऊर्जा विशेषज्ञ सलिल गर्ग ने बताया कि घरेलू स्तर पर कोयले की कमी का अलर्ट जारी होने के साथ गर्मी में अचानक तेजी से बिजली की मांग अधिक हो गई। यही वजह है कि एनर्जी एक्सचेंज में बिजली की कीमत 20 रुपए प्रति यूनिट तक पहुंच गई, लेकिन सभी राज्य इतने सक्षम नहीं है कि 20 रुपए प्रति यूनिट बिजली खरीद कर उपभोक्ताओं को दे सके। इसलिए बिजली की कटौती हो रही है। गर्ग ने बताया कि बहुत लंबे समय तक ऐसी स्थिति नहीं रहेगी, कोयले की सप्लाई तेज होते ही स्थिति सामान्य होने लगेगी।

# गौतमबुद्धनगर में एक माह के लिए लगा धारा 144

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर में जिला प्रशासन ने 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक 144 सीआरपीसी लागू करने का फैसला किया है। गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिशन्रेट ने निषेधाज्ञा के तहत 144 सीआरपीसी लागू करने का फैसला किया है। प्रशासन ने यह फैसला रमजान, रामनवमी, अंबेडकर जयंती, यूपी बोर्ड की परीक्षाओं और विधान परिषद के चुनाव के मद्देनजर किया है।गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिशन्रेट द्वारा जारी निर्देश के मुताबिक, मास्क की अनिवार्यता और कोविड-19 प्रोटोकॉल के बिना सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी तरह की गतिविधि की इजाजत नहीं होगी। कोई व्यक्ति बिना अनुमति के कोई जुलूस आदि नहीं निकालेगा और न ही कोई धरना प्रदर्शन करेगा। कोई भी व्यक्ति लाठी-डंडा, स्टिक या घातक हथियार आदि लेकर नहीं चलेगा। पुलिस व प्रशासनिक कार्य में कार्यरत अधिकारी और कर्मचारी इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। नेत्रहीन और दिव्यांगों पर लाठी-डंडे का प्रतिबंध लागू नहीं होगा।साथ ही नोएडा पुलिस ने क्षेत्रवासियों से शांति बनाए रखने की अपील की है। पुलिस कमिशन्रेट द्वारा जारी निर्देश के मुताबिक, कोई भी व्यक्ति विवादित स्थल पर नमाज, पूजा आदि करने का प्रयास नही करेगा और न ही किसी को इसके लिए प्रेरित करेगासाथ ही कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थल, धार्मिक स्थल, जुलूस के मार्गों और धार्मिक मजमों के समय धार्मिक स्थलों के नजदीक के मार्गों पर सुअरों व अन्य छुट्टा पशुओं को विचरण नहीं कराएगा और न ऐसा करने में किसी की मदद करेगा, जिससे किसी व्यक्ति अथवा समुदाय की भावना आहत हो।कोई भी व्यक्ति परीक्षा केंद्र के 200 गज की दूरी के अंदर 5 या इससे अधिक लोगों की भीड़ जमा नहीं करेगा और न ही ऐसा करने के लिए किसी को प्रेरित करेगा। इसके अलावा जारी निर्देश में कहा गया है कि कोई भी छात्र परीक्षा केंद्र परिसर के अंदर बिना अनुमति मोबाइल फोन, कैलकुलेटर या अन्य आधुनिक उपकरण नहीं ले जाएगा। साथ ही परीक्षा केंद्र के 200 गज की परिधि में फोटो स्टेट मशीन के संचालन पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। कोई भी शख्स सार्वजनिक स्थल पर शराब या मादक पदार्थ का सेवन नहीं करेगा।

# बढ़ती महंगाई के विरोध में माकपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन- गंगेश्वर दत्त शर्मा

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** लगातार बेतहाशा बढ़ती महंगाई के विरोध में शनिवार 2 अप्रैल को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी नोएडा कमेटी के कार्यकर्ताओं ने सेक्टर- 8, नोएडा बांस बल्ली मार्केट पर विरोध प्रदर्शन कर केंद्र सरकार से बढ़ती महंगाई पर रोक लगाने की मांग किया।विरोध प्रदर्शन में सीपीआई एम जिला सचिव मदन प्र.साद, सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, महासचिव रामसागर,जनवादी महिला समिति के नेता आशा यादव, चंदा बेगम, माकपा नेता भीखू प्र.साद, हरकिशन सिंह, विजय गुप्ता आदि ने हिस्सा लिया।




# बरौला से संदिग्ध परिस्थिति मे किशोरी लापता किशोरी के परिजनों ने सेक्टर 49 थाने में की शिकायत

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।**बरौला गांव से एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने एक युवक पर किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। सेक्टर-49 थाना क्षेत्र के बरौला गांव निवासी एक किशोरी चार दिन पहले घर से किसी काम के लिए निकली थी। वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। किशोरी के घर लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की, मगर उसका पता नहीं चला। किशोरी के परिजनों ने प्रशांत नामक युवक पर उसे बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। सेक्टर-49 थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय धूम मानिकपुर दादरी में आज परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का हुआ लाइव प्रसारण

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।**जवाहर नवोदय विद्यालय धूम मानिकपुर दादरी गौतम बुद्ध नगर के प्राचार्य/सह नोडल अधिकारी अनिल कुमार मिश्र ने जानकारी देते हुए



बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय, धूम मानिकपुर, दादरी, गौतमबुद्ध नगर में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यालय के समस्त शिक्षकगणों, विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने बड़े ही उत्साह के साथ देखा। परीक्षा पे चर्चा के पाँचवे संस्करण के दौरान माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा ताल कटोरा स्टेडियम, नई दिल्ली से दुनिया भर के छात्र छात्राओं को सम्बोधित किया गया साथ ही छात्रों द्वारा परीक्षा के तनाव से उबरने हेतु पूछे गये प्रशनें का जबाव माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा अपनी अनूठी आकर्षक शैली में दिये गये, जो भविष्य में छात्रों के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होंगे। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा छात्रों को निरन्तर शान्त मन से पढाई करने का संदेश दिया गया एवं कठिन परिस्थितियों में आत्मविश्वास बनाने रखने का मूलमंत्र भी दिया। परीक्षा पे चर्चा उपरांत प्राचार्य द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं को सत्र 2021-22 की आगामी बोर्ड परीक्षाओं की शुभकामना देते हुए परीक्षा को तनावमुक्त करने हेतु मार्गदर्शन किया साथ ही विद्यालय के सभी विद्वान शिक्षकगणों से छात्र-छात्राओं को परीक्षा से तनावमुक्त करने हेतु उचित मार्गदर्शन करने का आग्रह किया गया, जिससे छात्र छात्राएं परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर सके।उक्त जानकारी राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी ने दी ।

# द अर्थ पैराडाइज स्कूल के बच्चों ने 101 पौधे लगाकर की भारतीय नववर्ष की शुरुआत

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।**नवरात्र के पहले दिन तथा भारतीय संस्कृति के अनुसार नव वर्ष के पहले दिन को मनाने के लिए द अर्थ पैराडाइज स्कूल के बच्चों ने पौधे लगाए तथा अपनी भारतीय संस्कृति व पर्यावरण बचाने का संदेश दिया स्कूल की प्रधानाचार्य सुषमा अवाना जी ने कहा- हम सभी का यही प्रयास होना चाहिए कि हमारे बच्चे अपनी भारतीय संस्कृति से जुड़े रहे, जिससे उनके हृदय में अपनी संस्कृति और सभ्यता के प्रति प्यार उत्पन्न हो तथा वह अपने देश के विकास में सहयोग करें इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक पूजा अवाना , कीर्ति राजपूत ,काशी पाल ,रजत प्रधान तथा प्रबंधक राहुल आवाना उपस्थित रहे।



# उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी संचारी रोग नियंत्रण अभियान को जनपद में सफल बनाने की बड़ी तैयारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** निदेशक संचारी रोग उत्तर प्रदेश लखनऊ डॉ एके सिंह ने स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ की महत्वपूर्ण बैठक संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने में प्रदेश के मुख्यमंत्री जी की मंशा से अधिकारियों को कराया गया अवगत तथा सभी संबंधित अधिकारीगण अपने अपने स्तर पर दृढ़ता के साथ संचालित करें संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी संचारी रोग नियंत्रण अभियान को जनपद गौतम बुद्ध नगर में सफलतापूर्वक आयोजित कराने के उद्देश्य से निदेशक संचारी रोग उत्तर प्रदेश लखनऊ डॉक्टर ए के सिंह के द्वारा आज जनपद गौतम बुद्ध नगर का भ्रमण किया गया। उन्होंने अपने भ्रमण के दौरान सुबह संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर की। उसके उपरांत निदेशक संचारी रोग उत्तर प्रदेश लखनऊ ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में इस अभियान को लेकर अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशा के संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जन सामान्य को वेक्टर जनित बीमारियों से सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से सरकार का यह



बहुत ही महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। अतः सभी संबंधित अधिकारीगण अपने अपने स्तर पर आज शुरू होने वाले इस अभियान को आगामी 30 अप्रैल तक बहुत ही दृढ़ता के साथ संचालित करेंगे। अभियान के दौरान नगर क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किए जाएं। इसी के साथ साथ आम नागरिकों को जागरूक बनाने के उद्देश्य से 15 अप्रैल से दस्तक अभियान शुरू होगा, जिसमें स्वास्थ्य कर्मचारी घर-घर जाकर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि इस कार्यक्रम को भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी गण बहुत ही प्रमुखता के साथ संचालित करेंगे ताकि सरकार के इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का जनपद की अधिक से अधिक जनता लाभान्वित हो सके। आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, प्राधिकरण के अधिकारी गण तथा अन्य संबंधित अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।उक्त जानकारी जिला सूचना अधिकारी ने दी ।

# हिन्दू नववर्ष में यूवाओ का दिखा जबरजस्त उत्साह भारत माता के जय घोष से गुंजा ब्यौहारी क्षेत्र

(आधुनिक समाचार सेवा)
दुर्गेश कुमार गुप्ता

**शहडोल ।**हिन्दू नववर्ष व गुड़ी पड़वा के अवसर पर जिले में जगह जगह बाइक रैली की गई जिसमें विधायक




शरद कोल के नेतृत्व में ब्यौहारी में विशाल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली के माध्यम से विधायक शरद कोल ने क्षेत्रवासियों को एकता व अखंडता का संदेश देते हुए सभी जाति धर्म को एक सूत्र में पिरोने का काम किया है। रैली के दौरान युवाओं के कंठ स्वर से निकले भारत माता के जय घोष से समूचा क्षेत्र गूंज उठा। वही इस रैली के माध्यम से सामाजिक समरसता, एकता व अखंडता बनाये रखने का संदेश दिया। रैली मे सभी जाति धर्म के सैकड़ो लोग शामिल रहे। जिसमें युवाओं एवं नगर के प्रबुद्ध जनों का उत्साह देखने को मिला। बाइक रैली रेस्ट हाऊस से जनपद पंचायत, बिजली आफिस होते हुए वापस रेस्ट हाऊस पहुची। साथ ही सोभा रथ यात्रा भी निकाला गया जिसमें सीता-राम, लक्ष्मण व हनुमान बनाये गए थे जिनका विधायक जी द्वारा आरती कर रैली का समापन किया गया। इस दौरान हनुमान मंदिर के पास प्रसाद वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में पाचो मण्डल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सदस्य व महिला मोर्चा शामिल रहे।

# गौतम बुद्ध नगर के 2022 विधान सभा चुनाव का व्यौरा प्रत्याशी 9 अप्रैल तक जमा करे

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर वंदिता श्रीवास्तव ने 61-नोएडा, 62-दादरी तथा 63-जेवर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचन लड़ने वाले समस्त प्रत्याशियों एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं का आह्वान करते हुए जानकारी दी कि उनके द्वारा विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022में किये गये व्यय से सम्बन्धित व्यय लेखा दाखिल करने के लिए दिनांक 02 अप्रैल को लेखा प्रशिक्षण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कुछ ही प्रत्याशी या निर्वाचन अभिकर्ता उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि दिनांक 05 अप्रैल को कलक्ट्रेट सभाकक्ष में समाधान बैठक आयोजित की गयी है तथा दिनांक 09 अप्रैल को समस्त प्रत्याशियों के द्वारा व्यय लेखा दाखिल किया जायेगा। उपरोक्त समस्त कार्यवाही नियत दिनांकों में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न होगी। अतः 61-नोएडा, 62-दादरी तथा 63-जेवर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचन लड़ने वाले समस्त प्रत्याशियों एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं द्वारा उपरोक्त कार्यक्रमानुसार नियत दिनांकों में प्रातः 11.00 बजे तक कलक्ट्रेट सभाकक्ष में उपस्थित होकर अपने चुनाव व्यय से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।उक्त जानकारी राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी ने दी ।

# मारीपत-चिपयाना स्टेशन के मध्य छपरौला बिसरख मार्ग पर स्थित फाटक संख्या 151/बी, 03 अप्रैल से 05 अप्रैल, 2022 तक ओवरहालिंग कार्य के कारण रहेगा बंद

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** उत्तर मध्य रेलवे दादरी के सीनियर सेक्शन इंजीनियर ने जानकारी देते हुए अवगत कराया गया है कि मारीपत-चिपियाना स्टेशन के मध्य छपरौला बिसरख मार्ग पर स्थित फाटक संख्या 151/बी पर ओवरहालिंग कार्य होने के फलस्वरुप दिनांक 03 अप्रैल, 2022 की सुबह 8 बजे से 05 अप्रैल, 2022 की शाम 6 बजे तक सड़क यातायात के लिए बंद रहेगा। इस संबंध में उन्होंने आम नागरिकों का आह्वान किया है कि इस मार्ग से जाने वाले नागरिक सड़क यातायात बंद होने की अवधि के दौरान अन्य मार्गों का प्रयोग कर सकते हैं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।उक्त जानकारी राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी ने दी ।

# सेक्टर 82 ( पाकेट 7 ) के शिव मंदिर पर नवरात्रि के पावन पर्व पर श्री राम चरित मानस का अखंड पाठ

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** सेक्टर 82 पाकेट 7 के शिव मंदिरपर आज नवरात्रि के पावन पर्व पर श्री राम चरित मानस का अखंड पाठ चल रहा है। आज सुबह से शिव मंदिर पर भक्तों की भीड़ बनी हुई थी। सुबह से नवरात्रि के पावन








पर्व पर मा दुर्गा जी की पूजा अर्चना विधि विधान के साथ की गयी । और सुबह से ही शिव मंदिर पर श्री राम चरित मानस का अखंड पाठ शुरू हो गया सभी भक्तों ने मिलकर राम चरित मानस का अखंड पाठ कर रहे है। कार्यक्रम के व्यवस्थापक गोरे लाल ने बताया कि कल सुबह श्री राम चरित मानस अखंड पाठ का समापन होगा उसके बाद हवन एव आरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा । इस मौके पर संजय पाण्डेय ,एस के तिवारी,हरि शंकर सिंह,रमेश चंद्र शर्मा,जयराम शुक्ल,रवि राघव,रमेश वर्मा,पं द्वारिका प्रसाद पाण्डेय,अंगद सिंह तोमर,प्रमोद श्रीवास्तव,प्रदीप तोमर,सर्वेश तिवारी,सिया राम,राजेश गुप्ता,महेंद्र शर्मा,मुकेश शुक्ला,विनय त्रिवेदी,राकेश यादव, अमितेश कुमार सिंह,बलराम ,बीरेन्द्र,अवनीश तिवारी,संगम प्रसाद मिश्र,रतन भारद्वाज,के सी झा,नवीन पंत,दीपक तिवारी,तुषार गुप्ता आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

# राशिफल

**मेष-**:एक समय पर कई कार्य एकसाथ करने की चेष्टा के बजाय एक ही कार्य हाथ में लें। मित्र द्वारा छला गया व अकारण ही आहत महसूस कर सकते हैं। आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ें।

**वृष-**:जीवन में सुख व सौहार्द रहेगा। आत्मविश्वास से परिपूर्ण व ऊर्जावान रहेंगे। तनाव लिए बगैर सफलता प्राप्त करेंगे। रचनात्मक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन-**:परिवार व प्रियजनों संग सुखद समय बिताएंगे। अर्थपूर्ण संबंध व खास अवसर निर्मित होंगे। अभिरुचि की गतिविधियों में भाग लेंगे व विश्राम से स्वयं को तरोताजा करेंगे।

**कर्क-**:विकल्प मौजूद होने पर आप अधीर हो सकते हैं,कोई भी निणर्य लेने से पहले प्राथमिकताओं पर ध्यान दें। विनोदप्रिय रवैया कठिन परिस्थितियों से निकलने में मदद करेगा।

**सिंह-**:धैर्य, परिश्रम व चतुराई से व्यावसायिक व वित्तीय मामलों का प्रबंधन करेंगे। प्राकृतिक व वैकल्पिक चिकित्सा से आपकी व परिवार की स्वास्थ्य समस्याएं हल हो सकती हैं।

**कन्या-**:स्वास्थ्य व व्यावसायिक मामलों में सुधार होगा। व्यावसायिक व निजी जीवन में कुछ अप्रत्याशित घटनाक्रम घटित हो सकते हैं। भाग्य आपके साथ है। व्यावसाय में तेजी आएगी।

**तुला-**:खानपान, काम, व विश्राम में संतुलन बिठाने की आवश्यकता है। कार्यस्थल पर परिवर्तनों के बावजूद प्रतिष्ठा कायम रखेंगे। वित्तीय व संपत्ति से जुड़े मामले थोड़े से प्रयास से हल होंगे।

**वृश्चिक-**:अंतर्द्वंद्व महसूस करेंगे। कई भावनात्मक व व्यावसायिक निणर्य लेने पड़ सकते हैं। जब कई विकल्प मौजूद हों तो अत्यधिक विश्लेषण के बजाय त्वरित निणर्य सफलता की ओर ले जाएंगे।

**धनु-**:अपने भीतर छिपी क्षमताओं का साक्षात्कार करेंगे। धैर्य, सतत प्रयासों व सकारात्मक ऊर्जा के साथ जड़ता व विरोध का सामना करें। विभिन्न गतिविधियों में व्यस्तता के मध्य सुरक्षा का भाव हृदय में रहे

**मकर-**:पूरी ऊर्जा के साथ योजनाओं पर अमल आरंभ करेंगे। अक्सर कार्यव्यवहार में आप चरम पर पहुंच जाते है, किसी भी प्रकार के अतिरेक से बचें। बाधक परिस्थितियों से निराश होने के बजाय उनपर जीत का प्रयास

**कुंभ-**:नए अवसर प्रस्तुत होंगे व व्यावसायिक मामलों को कुशलता से हल करेंगे। व्यावसायिक बैठक में अपनी बेहतरीन योजनाओं व विचारों से लोगों को प्रभावित करेंगे।

**मीन-**:संबंधों में समझदारी व वित्तीय लेनदेन में सजगता अपेक्षित है। अपनी भावनाओं, विचारों व योजनाओं को ईर्ष्यालु लोगों से सुरक्षित रखें, वे उन्हें नुकसान पहुंचा सकते हैं।

# स्टेशन मास्टर व चालक की लापरवाही से महिला की हुई मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)
शैलेन्द्र कुमार

**सोनभद्र।** करमा -कर्मा थाना के खैराही रेलवे स्टेशन पर 40 वर्षीय एक महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। घटना 9.30 बजे की बताई



जा रही है, स्थनीय लोगों के अनुसार स्टेशन पर एक मालगाड़ी खड़ी थी, उसी मालगाड़ी के नीचे से एक महिला स्टेशन से इस तरफ से उस तरफ निकलने लगी । इसी बिच स्टेशन मास्टर और चालक ने ध्यान नहीं दिया, मालगाड़ी चल दी।जिससे 40 वर्षीय महिला मालगाड़ी के नीचे दब कर कट गई। और उसकी मौत हो गई।अभी तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। स्टेशन मास्टर से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होने फोन रिसीव नहीं किया। चालक अथवा स्टेशन मास्टर ध्यान दिए होते तो शायद इतनी बडी घटना घटित होने से बच जाती।क्षेत्रीय लोगो ने बताया कि रेलवे स्टेशन से इस पार से उस पार जाने के लिए कोई सुरक्षित स्थल नही है जिससे आए दिन इसी तरह से लोगो का आना जाना रहता है। कर्मा पुलिस को रेलवे स्टेशन से कोई जानकारी नहीं दी गई है।

# पुलिस की संयुक्त टीम ने भारी मात्रा में अवैध गांजा सहित बोलोरो को गिरफ्ता

(आधुनिक समाचार सेव)
अनिल कुमार अग्रहरि

**डाला (सोनभद्र)।** स्थानीय हाथी नाला थाना क्षेत्र के मालोघाट टोल प्लाजा के पास छत्तीसगढ़ से मिर्जापुर तरफ जा रही बोलोरो को मुखबिर के सूचना



पर पुलिस की संयुक्त टीम ने किया गिरफ्तार प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमान् अपर पुलिस महानिरीक्षक / पुलिस अधीक्षक जनपद सोनभद्र द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के कुशल निर्देशन तथा श्रीमान् क्षेत्राधिकारी दुद्धी श्री आशीष मिश्रा के नेतृत्व में शनिवार को अन्तर्राज्जीय गांजा तस्करो को 33.120 किग्रा अवैध गांजा के साथ बोलेरो को मालोघाट टोल प्लाजा के पास से समय करीब 12.15 बजे चार नफर तस्करो को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार तस्करो ने पूछताछ के दौरान बताया कि उडिसा के जनपद जगदलपुर से बस द्वारा गांजा अम्बिकापुर छत्तीसगढ़ ले आया जाता है तथा छत्तीसगढ़ से बोलेरो वाहन उपरोक्त से बैग में भरकर मीरजापुर के थोक एवं खुदरा अवैध गांजा विक्रेताओं को बेचा जाता है। तस्करो द्वारा पूछताछ के दौरान दी गयी जानकारी के आधार पर गांजा तस्करी में शामिल अन्य तस्करो के विरूद्ध सुरागरसी पतारसी कर अवैध गांजा तस्करी की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही की जायेगी इस दौरान एसएचओ मनोज कुमार सिंह थाना बभनी, एसआई संतोष कुमार यादव थाना हाथीनाला, हे0 का0 भरत यादव थाना बभनी, हे0 का0 अक्षय कुमार यादव बभनी, का0 विनोद यादव बभनी, का0 शिवम सिंह थाना बभनी, हे0 का0विनोद यादव हाथीनाला, का0 तेरसू यादव थाना हाथीनाला, सामिल रहें।

# अगलगी की घटना में गृहस्थी, बाइक व फसल जलकर राख

**हलिया (मीरजापुर) ।** क्षेत्र के दो स्थानों पर अगलगी की घटना में गृहस्थी, अनाज, बाइक व गेहूं की फसल समेत हजारों का माल राख हो गया। बरडीहाकला में अबूझहाल




में मड़हा में लगी आग से हजारों का सामान राख हो गया। वही कस्बा क्षेत्र में हाईटेंशन तार के शार्ट सर्किट से निकली चिगारी से गेहूं की फसल में आग लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस संग ग्रामीणों के तीन घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। बरडीहा कलां गांव के पथरहा मोहल्ला निवासी गुलाब यादव के कच्चे मकान के सामने स्थित मड़हे में शुक्रवार को दोपहर में अचानक आग लग गई। मड़हे सामने खेल रहे बच्चों ने शोरगुल मचाया तो गृहस्वामी ने बाहर आकर देखा तो मड़हा धू-धू कर जल रहा था। तेज हवा के कारण आग बगल स्थित कच्चे मकान को भी अपनी जद में ले लिया। इसमें रखा गृहस्थी का सारा सामान, 50 क्विटल धान, 20 क्विटल गेहूं, दस क्विटल सरसो, 20 क्विटल गुड़, दस क्विटल मटर, बाइक और दो साइकिल भी जल गई। घर के सामने खलिहान में रखा भूसा और पुआल भी राख हो गया। मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक रमेश राम ने घटना की जांच की। पीड़ित ने घटना की सूचना हल्का लेखपाल को देते हुए मुआवजे की मांग की। इसी तरह क्षेत्र के कस्बा कस्बा निवासी सिद्ध दत्त त्रिपाठी का खेत बटाई पर लेकर रोहित सोनकर ने गेहूं की फसल को तैयार किया था। बगल से गुजरे हाईटेंशन के तार से निकली चिगारी से लगभग एक बीघे गेहूं की फसल राख हो गई। आग की लपटें उठता देख किसान ने शोर मचाया तो अगल बगल के सैकड़ों की संख्या में पहुंचे लोगों ने आग पर काबू पाया नहीं तो भारी नुकसान हो जाती।

# जंगलों में लगी आग को बुझाने में जुटा वनविभाग

**ड्रमंडगंज (मीरजापुर) ।** ड्रमंडगंज वनरेंज के विभिन्न जंगलों में चार दिनों से लगी आग को वनविभाग की टीम बुझाने में जुटी हुई है। रेंजर वीके तिवारी के मुताबिक आग मध्य प्रदेश के जंगलों की तरफ से बढ़ते हुए ड्रमंडगंज वनरेंज के जंगलों में प्रवेश कर गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर लगभग काबू पा लिया गया है, लेकिन कहीं-कहीं यह सुलग रही है। हरे भरे पेड़-पौधे झुलसकर राख हो रहे। चार दिनों से धधक रहे जंगलों में पेड़ पौधे और जीव-जंतु जलकर खाक हो रहे हैं। गुरुवार देर शाम तक बंजारी पश्चिमी वनक्षेत्र की आग बुझने पर वनविभाग की टीम ने जहां राहत की सांस ली थी वहीं करनपुर, इंद्रवार, मड़वा धनावल जंगलों में धधक रही आग को वनकर्मियों और ग्रामीणों के सहयोग से रातभर बुझाया गया।



इसे बुझाने के लिए वन विभाग की टीम लगी रही। दिन में तेज हवाओं के झोंके से आग जगह जगह जंगलों में फैलकर हरे भरे जंगलों को राख कर रही है। शुक्रवार की सुबह से ही मड़वा धनावल के चंलगा पहाड़ की चोटियों पर सुलग रही आग से रेंजर ड्रमंडगंज वीके तिवारी ने मड़वा धनावल के चंलगा पहाड़ में लगी आग को बुझाने के लिए वनकर्मियों के साथ निरीक्षण किया। साथ ही पहाड़ की चोटियों पर सुलग रही आग को देर शाम तक बुझा लेने का भरोसा जताया।

# गेहूं खरीद शुरू, पहले दिन पसरा रहा सन्नाटा

**मीरजापुर ।** जनपद के क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद एक अप्रैल से आरंभ हो गई, लेकिन किसानों के नहीं आने से पहले दिन सननटा पसरा रहा। जिले में अभी लगभग 15 दिन के बाद गेहूं की फसल तैयार होने की संभावना है। संभागीय खाद्य नियंत्रक प्रभाकांत द्विवेदी ने गेहूं क्रय केंद्र सदर प्रथम व नवीन मंडी तथा जिला खाद्य विपणन अधिकारी धनंजय सिंह ने विपणन शाखा गैपुरा सहित अन्य क्रय केंद्रों का निरीक्षण करके तैयारियों का जायजा लिया। सभी केंद्र प्रभारियों को बैनर की वाल पेंटिग कराने का निर्देश दिया। आरएफसी ने निर्देश दिया कि प्रति केंद्र दो इलेक्ट्रानिक कांटा उपलब्ध रहे, जिससे किसानों को परेशानी न हो। गेहूं नमी मापक यंत्र के साथ ही केंद्र पर किसानों के लिए शुद्ध पेयजल, बैठने की छाया सहित व्यवस्था अवश्य रहे। प्रति केंद्र पर फ्लैक्सी के साथ ही चस्पा बैनर लगवाया गया है। किसानों को गेहूं का समर्थन मूल्य 2015 रुपये प्रति क्विंटल भुगतान आधार लिक्ड बैंक खाते में किया जाएगा। मंडल के 112 क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद की जाएगी। जनपद मीरजापुर में 47, सोनभद्र में 45 और भदोही में 20 सहित 112 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। मंडी समिति में पसरा रहा सननटा गेहूं खरीद का पहला दिन था और क्रय केंद्र खुल गए, लेकिन फसल तैयार नहीं होने के कारण सननटा पसरा रहा। खाद्य विभाग के क्रय केंद्र प्रथम प्रभारी रंजन




सिंह, द्वितीय सुरेंद्र पाल वहीं मंडी समिति के क्रय केंद्र पर प्रभारी दिलीप सिंह किसानों का इंतजार करते रहे। क्रय केंद्र प्रभारियों का मानना है कि आगामी 15 अप्रैल के बाद ही किसान केंद्रों का रुख कर सकते हैं। मझवां : विकास खंड मझवां में किसानों की गेहूं की फसल पककर तैयार हो चुकी है। विकास खंड मझवां में खाद्य एवं रसद विभाग के गोदाम व क्रय केंद्र कछवा और पीसीएफ केंद्र जलालपुर में भी तैयारी पूर्ण है। पहले दिन एक भी किसान तौल करवाने नहीं पहुंचा। एसएमआई विशाल आंनद ने बताया कि अभी तक विकास खंड मझवां में दो क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद का आदेश मिला है। बोरी, इलेक्ट्रानिक कांटा आदि कि व्यवस्था की जा चुकी है। किसान आनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं। मझवां क्षेत्र में अभी गेंहू की फसल की तैयारी व मड़ाई में कुछ दिन शेष बचे है हैं। - 10979 किसान करा चुके हैं पंजीयन जनपद में गेहूं बेचने के लिए अब तक 10979 किसानों द्वारा आनलाइन पंजीयन कराया जा चुका है। इसमें तहसील सदर में 1215, लालगंज में 2423, मड़िहान में 2870 और चुनार में 4471 किसानों ने पंजीयन कराया है।

# दो बोलेरो से ढाई क्विंटल गांजा बरामद, चार तस्करों को जेल

**अहरौरा (मीरजापुर) ।** अदलहाट व अहरौरा पुलिस ने अपने अपने क्षेत्रों में दो बोलेरो से करीब ढाई क्विंटल गांजा बरामद कर चार तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दोनों वाहनों को भी सीज कर दिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन महेश सिंह अत्री ने अहरौरा थाने में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान शुक्रवार को यह जानकारी दी। बताया कि थानाध्यक्ष संजय सिंह को शुक्रवार के दिन सूचना मिली कि सफेद रंग की बोलेरो में गांजा लादकर तस्करी के लिए वाराणसी ले जाया जा रहा है। वाहन को क्षेत्र के बरबकपुर के पास रोका गया तो एक आरोपित गाड़ी में से भागने लगा। पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। पूछताछ की तो उसने बताया कि वह झारखंड से गांजा लादकर वाराणसी ले जा रहा था। बोलेरो की तलाशी कराई गई तो उसकी छत व सीट के नीचे डेस्क बोर्ड



बनाकर उसमें छिपाकर रखा गया करीब एक क्विंटल से अधिक गाजा बरामद हुआ। कुछ ही देर बाद सूचना मिली कि एक अन्य बोलेरो से भी कुछ तस्कर झारखंड से गांजा लेकर वाराणसी की ओर जाने वाले हैं। अदलहाट इंस्पेक्टर नवीन तिवारी ने फत्तेपुर टोल प्लाजा के पास वाहन चेकिग शुरू कर दी। इसी बीच एक बोलेरो के आने पर उसे रोका तो उसमें से डेढ़ क्विंटल गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। एएसपी ने बताया कि पकड़े गए चारों आरोपितो में एक वाहन से कपिल देव निवासी रसूलपुर थाना सलेमपुर, विशन कुमार निवासी डोमला हसनगढ़ थाना अहमदगढ़ व दूसरे वाहन से जितेंद्र चौधरी निवासी डोंगला हसनगढ़ थाना अहदमगढ़ व राबिन कुमार शेखपुर थाना खानपुर (सभी बुलंदशहर जनपद) के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि झारखंड के गुमला से गांजा लादकर दो बोलेरो से पकड़े गए चारों आरोपित वाराणसी में गांजा की सप्लाई करने जा रहे थे। इन्हें अहरौरा व अदलहाट पुलिस ने पकड़ लिया।

# नवरात्र मुख्य खबर-फोटो : 59, 60 61 प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी

**मीरजापुर ।** शुक्रवार रात चैत्र नवरात्र मेले का आगाज हो गया। नवरात्र को लेकर मां विध्यवासिनी के साथ मंदिर का भी अद्भुत व अलौकिक श्रृंगार किया गया। विध्यवासिनी मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया गया तो वहीं बिजली की चकाचौध से मंदिर को नया रूप दिया गया है। दो अप्रैल से 13 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर



एक से डेढ़ बजे तक व रात 12 से भोर चार बजे तक लगने वाला शयन नहीं लगेगा। इससे नवरात्र के समय श्रद्धालु प्रतिदिन 20 घंटे मां विध्यवासिनी का दर्शन-पूजन कर सकेंगे। आरती के समय श्रद्धालु मां विध्यवासिनी का दर्शन नहीं कर सकेंगे। इस समय मां की आरती व श्रृंगार होने के कारण मंदिर का कपाट बंद रहता है। मां विध्यवासिनी के आंगन तक पहुंचने के लिए चारों तरफ से सीढ़ियां बनी है। पश्चिम दिशा में गणेश द्वार से प्रवेश करने वाले भक्त मां की अद्भुत छवि का दर्शन कर दक्षिण द्वार से निकल आते हैं, जबकि पूर्व में स्थित द्वार से प्रवेश करने से भक्त मां का दर्शन कर दूसरे पूर्वी द्वार से बाहर निकलते हैं। कोरोना काल के दो साल बाद विध्यधाम का अद्भुत नजारा देखने को मिला। भीड़ नियंत्रित करने के लिए भगवा व लाल रंग से लगाया गया टेंट व रेलिग देखते ही बन रहा है। मां विध्यवासिनी धाम आने वाले आठ रास्तों में से चार का नजारा एकदम बदल चुका है। चार छह फीट की गलियों की जगह अब करीब 35 फीट चौड़ा रास्ता मिलेगा। यह संभव हो पाया है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट विध्य कारिडोर से। अब श्रद्धालु माता के धाम से ही पतित पावनी मां गंगा का भी दर्शन कर पाएंगे। हर कोण से मिलेगा पताका दर्शन मां विध्यवासिनी के दरबार में अब तक पताका दर्शन से वंचित भक्तों को इस बार धाम के नीचे से ही यानी हर कोण से पताका दर्शन मिलेगा। आरती का समय - सुबह तीन से चार बजे तक मंगला आरती। - दोपहर 12 से एक बजे तक मध्याह्न आरती। - शाम सात से आठ बजे तक सांध्य आरती रात्रि साढ़े नौ से साढ़े दस बजे तक राजश्री आरती। चारों आरती में बदलता है मां का स्वरूप मां विध्यवासिनी अपने भक्तों के कल्याण के लिए प्रत्येक दिन चार रूपों में दर्शन देती हैं। जीवन के चार पुरुषार्थ अर्थ, धर्म, काम एवं मोक्ष प्रदान करने वाली आदिशक्ति मां विध्यवासिनी की चार स्वरूपों में चार (अवस्था) आरती होती है। प्रत्येक अवस्था में मां का स्वरूप बदल जाता है। प्रधान श्रृंगारिया विश्वमोहन उर्फ शिवजी मिश्र ने बताया कि भक्तों का कल्याण करने वाली मां विध्यवासिनी विभिन्न अवस्था में दर्शन देकर अपने भक्तों की सारी मनोकामना अवश्य पूरी करती हैं। मां विध्यवासिनी की आरती के मात्र दर्शन कर लेने से हजारों अश्वमेघ यज्ञ का फल प्राप्त होता है। नवरात्र भर मां विध्यवासिनी की साधना करते हैं तंत्र साधक सिद्धपीठ विध्याचल में तंत्र-मंत्र के साधक नवरात्र भर रुककर आदिशक्ति मां विध्यवासिनी की साधना करते हैं। देश के कोने-कोने से भक्त मनन्त लेकर विध्यधाम आते हैं और मां के दरबार से उन्हें निराश नहीं होना पड़ता। बाजार में उमड़ी भीड़, व्रत सामग्री महंगी महिलाओं ने नवरात्र की तैयारी के लिए पूजन सामग्री, नारियल, चुनरी, मिष्ठान, कलश, फल आदि की खरीददारी की। वहीं सिगाड़े का आटा, साबुदाना की भी बिक्री हुई। नवरात्र की खरीदारी को लेकर बाजार भी खिल उठा। बाजार में भीड़ तो दिखी, लेकिन महंगाई के चलते जरुरत के हिसाब से ही खरीदारी हुई। मां विध्यवासिनी की महत्ता हजारों मील का सफर करने वाली पतित पावनी गंगा धरती पर आकर आदिशक्ति मां विध्यवासिनी का पांव पखार कर त्रिलोक न्यारी शिवधाम काशी में प्रवेश करती हैं। हजारों मील लंबे विध्य पर्वत व गंगा नदी का मिलन मां विध्यवासिनी धाम विध्याचल में ही होता है। धाम से आगे जाकर गंगा उत्तर वाहिनी जाती हैं, जबकि विध्य पर्वत दक्षिण दिशा की ओर मुड़ जाता है। अनादिकाल से सिद्धपीठ विध्याचल धाम ऋषि मुनियों की तपस्थली रहा है। माता के धाम में त्रिकोण पथ पर संत देवरहा बाबा, नीम करौरी बाबा, गीता स्वामी, माता आनंदमयी, बाबा नरसिंह, अवधूत भगवान राम, पगला बाबा, बंगाली माता आदि अनेक सिद्ध साधकों की तपस्थली है। इनके आश्रम में आज भी भक्तों का तांता लगा रहता है। मां विध्यवासिनी लक्ष्मी के रूप में विराजमान हैं। जब भक्त करुणामयी मां विध्यवासिनी का दर्शन कर निकलते हैं तो मंदिर से कुछ दूर कालीखोह में विराजमान मां काली के दर्शन मिलते हैं। विध्य पर्वत पर निवास करने वाली मां अष्टभुजा ज्ञान की देवी सरस्वती के रूप में भक्तों को दर्शन देती हैं। माता के दरबार में हाजिरी लगाने के लिए पहुंचे भक्त माला-फूल, नारियल व चुनरी के साथ ही प्रसाद अर्पण कर मत्था टेकते हैं।

# नवरात्र को लेकर तैयारियां पूरी, आज उमड़ेंगे मां के भक्त

**चुनार (मीरजापुर) ।** दो अप्रैल से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्र की तैयारियां पूरी कर ली गई है। चुनार दुर्गा खोह मंदिर, अदलपुरा स्थित बड़ी शीतला माता मंदिर, टेकौर स्थित काली मंदिर,



भरपुर व गंगेश्वरनाथ मोहल्ला स्थित शीतला मंदिर पर शुक्रवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। भक्त एवं मंदिर प्रबंधन से जुटे लोग साफ-सफाई आदि में जुटे रहे। पिछले दो सालों से कोरोना के कारण चैत्र माह में पड़ने वाले नवरात्रों में कोरोना बंदिशों के कारण भक्त मां का दर्शन नहीं कर पा रहे थे। इस बार बंदिशें लगभग खत्म हो चुकी हैं, ऐसे में अदलपुरा शीतला मंदिर में भक्तों का रेला उमड़ने की उम्मीद है। अदलपुरा शीतला मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रेमशंकर पुजारी ने बताया कि मंदिर की सफाई व्यवस्था पूरी कर ली गई है। इसके साथ ही मंदिर के आसपास तथा परिसर में प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त कराया गया है। उन्होंने बताया कि मंदिर पर नौ दिनों तक दर्शनाथिर्यों का हुजूम उमड़ेगा। इसके चलते मंदिर परिसर के आसपास दुकानें भी सज गई हैं। चंदन साहनी ने बताया कि इस बार बंदिश मुक्त नवरात्र को लेकर भक्तों में काफी उत्साह है और अच्छी भीड़ होने की संभावना है। इस संबंध में कोतवाल गोपाल प्रसाद गुप्ता ने बताया कि सुरक्षा की ष्टि से यहां पुलिस व पीएसी बल तैनात किया गया है। साथ ही घाट पर भी बैरिकेडिग के प्रबंध करने के साथ ही नावों की व्यवस्था की गई है।

## आम के बौर में लाही रोग लगने से किसान परेशान

**भावां (मीरजापुर) ।** खेती का कार्य समाप्त होने पर अप्रैल महीने के बाद से जुलाई तक किसान अपने बागों में व्यस्त रहते थे। यह बाग उनके अतिरिक्त आय के साधन थे, लेकिन इस साल आम के पेड़ों में आए मंजरियों में लाही रोग लग जाने से फल उत्पादकों के साथ आम के व्यापारियों पर भी प्रभाव पड़ा है। वहीं किसान काफी परेशान हैं। राजगढ़ क्षेत्र के भावा, अटारी, देवपुरा, रामपुर-33, बिशुनपुर, लहास, ददरा मुत्तलके, रामपुर बघौड़ा आदि ग्रामों के साथ सिचाई विभाग द्वारा मीरजापुर-सोनभद्र मार्ग और घाघर नहर पर राजगढ़ से पटेहरा कला तक नहर किनारे आम के पेड़ लगाए है। इनमें खूब मंजरियां आई थीं, लेकिन इनमें लाही लग जाने से इन वृक्षों की पत्तियां चिकनी एवं काली पड़ गई हैं। साथ ही इन मंजरियों के काली पड़ जाने और उनके फूल जमीन पर गिर जाने से इन आम के वृक्षों में टिकोरा आना मुश्किल है। यदि यही प्रक्रिया चलती रही तो इस साल भी आम का उत्पादन इस क्षेत्र में न के बराबर होगा।

# बिजली के टूटे तार की चपेट में आने से युवक की मौत

**भावां (मीरजापुर) ।** मड़िहान क्षेत्र के पतेरी गांव में बिजली के टूटकर गिरे तार की चपेट में आने से शुक्रवार को गांव निवासी हरिकेश्वर गुप्ता (28) की जान चली गई। स्वजन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बिजली कटवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। मृतक बास की कोठी के पास रखे पुआल व ऊपली को बचाने के चक्कर में नीचे गिरे तार तो नहीं देख पाया और उसकी चपेट में आ गया। हरिकेश्वर के घर के पीछे हाई टेंशन तार खींचा हुआ है। उसी तार के पास बांस की कोठी भी है। शुक्रवार की दोपहर तेज हवा चलने के कारण बिजली के ढीले तार बांस से टकरा गए। इससे उसमें हुई शार्ट सर्किट के चलते आग लग गई। कुछ देर बाद एक तार टूटकर गिर गया। कोठी में आग लगा देख हरिकेश्वर उसके पास रखे ऊपली व पुआल को बचाने के लिए पहुंचा। तब तक पुआल में आग लग गई। उसे बुझाने के लिए बाल्टी में पानी लेकर दौड़ा। इस दौरान वह गिरे बिजली के तार को देख नहीं पाया और उस पर पैर पड़ गया। तार में करेंट प्रवाहित होने के कारण उसमें फंस गया। लोगों ने स्टेशन से बिजली कटवाया और उसको राजगढ़ अस्पताल ले गए। वहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। युवक के मौत की खबर लगते ही स्वजन रोते बिलखते पहुंचे। पतेरी अगिन्कांड में मृत हरिकेश्वर गुप्ता के



जाने से उसके अबोध पुत्र आदित्य सात माह के ऊपर से पिता का साया उठ गया। वहीं उसके पिता छेदी गुप्ता के बुढ़ापे की लाठी टूट गई । उसकी मौत से पूरा परिवार सदमे में है। हरिकेश्वर का विवाह दो वर्ष पूर्व सोनभद्र के करमा थाना अंतर्गत पगिया गांव निवासी संगीता से हुआ था। इससे उसे सात माह का पुत्र आदित्य है। पतनी संगीता का रो रो कर बुरा हाल है। घर पर कोई खेती-बाड़ी एवं कमाई का जरिया न होने से इनके ऊपर विपत्ति का पहाड़ टूट पड़ा है मृतक की पतनी को बिजली विभाग देगा सहायता बिजली से लगे आग के कारण उसमें जान गवाने वाले हरिकेश्वर को विभाग सहायता देगा। मड़िहान बिजली विभाग के जेई राजेश कुमार सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा इस कांड की जांच कराई जाएगी। उसके बाद रिपोर्ट जारी होगा। इसमें मृतक की पतनी को 5 से 10 लाख रुपये तक मुआवजा के रूप में मिल सकता है। आग बुझाने में दो अगिन्शमन गाड़ियों का प्रयोग पतेरी अगिन्कांड को बुझाने के लिए प्रशासन को दो गाड़ियों को लगाना पड़ा। पहले एक छोटी गाड़ी आई, लेकिन उससे आग नहीं बुझने पर बड़ी गाड़ी को बुलाया गया। इसके बाद ही आग पर काबू पाया जा सका।

# कोलकाता ने पंजाब को 6 विकेट से हराया, आंद्रे रसेल का तूफानी अर्धशतक

**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स आइपीएल 2022 के आठवें लीग मैच में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर एक दूसरे के आमने-सामने थे। इस मैच में कोलकाता के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टास जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पंजाब की टीम 18.2 ओवर में 137 रन पर आल आउट हो गई। आंद्रे रसेल के तूफानी 70 रन की बदौलत टीम ने 14.2 ओवर में 4 विकेट खोकर जीत का लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के साथ टीम के चार अंक हो गए और वह अंक तालिका में टाप पर पहुंचने में कामयाब हुई। पंजाब से मिले 138 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता के लिए अजिंक्य रहाणे और वेंकटेश अय्यर पारी की शुरुआत करने पहुंचे। पहला मैच खेल रहे कगीसो रबादा ने रहाणे को 12 रन के स्कोर पर ओडीन स्मिथ के हाथों कैच करवाया। स्मिथ की गेंद पर हरप्रीत ने एक शानदार कैच लेकर वेंकटेश को वापस भेजा। राहुल चाहर ने अपने पहले ही ओवर में कप्तान श्रेयस अय्यर का विकेट हासिल कर पंजाब की बड़ी कामयाबी दिलाई। 15 गेंद पर 26 रन बनाकर वह रबादा को कैच दे बैठे। राहुल ने ओवर की आखिरी गेंद पर नीतीश राणा को बिना खाता खोले ही कर वापस जाने पर मजबूर कर दिया। महज 26 गेंद पर 5 छक्के और 2 चौके की मदद से रसेल ने तूफानी हाफ सेंचुरी जड़ते हुए टीम




की जीत लगभग पक्की कर दी। 31 गेंद पर 8 छक्के और 2 चौके जमाते हुए 70 रन की नाबाद पारी खेलते हुए कोलकाता का जीत तक पहुंचाया। पंजाब की शुरुआत अच्छी नहीं रही और कप्तान मयंक अग्रवाल को सिर्फ एक रन के स्कोर पर तेज गेंदबाज उमेश यादव ने पगबाधा आउट कर दिया। भानुका राजपक्षे ने 9 गेंदों पर ताबड़तोड़ 31 रन बनाए जिसमें हैट्रिक छक्का भी शामिल रही। उन्हें शिवम मावी ने कैच आउट करवाया। शिखर धवन ने इस मैच में 15 गेंदों पर 16 रन बनाए और टिम साउथी की गेंद पर कैच आउट हो गए। लियाम लिविंगस्टोन ने 19 रन की पारी खेली और वो उमेश यादव का दूसरा शिकार बने। राज बावा ने 11 रन की पारी खेली और सुनील नरेन ने उन्हें बोल्ड आउट कर दिया। शाहरुख खान को टिम साउथी ने जीरो के स्कोर पर नीतीश राणा के हाथों कैच आउट करवा दिया। हरप्रीत बराबर को उमेश यादव ने 14 रन पर बोल्ड कर दिया तो वहीं राहुल चाहर को बिना खाता खोले ही कैच आउट करवा दिया। ये उनका इस मैच में चौथा विकेट था। रबादा 25 रन बनाकर आंद्रे रसेल की गेंद पर तो वहीं अर्शदीप सिंह बिना खाता खोले रन आउट हो गए। केकेआर की तरफ से उमेश यादव ने चार, टिम साउथी ने दो जबकि शिवम मावी, सुनील नरेन और आंद्रे रसेल ने एक-एक विकेट लिए। पंजाब के खिलाफ कोलकाता ने अपनी टीम में एक बदलाव किया और शेल्डन जैक्सन की जगह शिवम मावी को जगह मिली। वहीं पंजाब की टीम में कगिसो रबादा को जगह मिली और संदीप शर्मा को बाहर किया गया। अजिंक्य रहाणे, वेंकटेश अय्यर, नितीश राणा, श्रेयस अय्यर (कप्तान), सैम बिलिंग्स (विकेटकीपर), आंद्रे रसेल, सुनील नरेन, टिम साउथी, उमेश यादव, शिवम मावी, वरुण चक्रवर्ती। पंजाब की प्लेइंग इलेवन मयंक अग्रवाल (कप्तान), शिखर धवन, लियाम लिविंगस्टोन, भानुका राजपक्षे (विकेटकीपर), शाहरुख खान, ओडियन स्मिथ, राज बावा, अर्शदीप सिंह, हरप्रीत बराड़, कगिसो रबाडा, राहुल चाहर।

# रसेल ने 8 छक्के से खेली तूफानी 70 रन की पारी, बदल दिया मैच का नक्शा

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन के आठवें मैच में कोलकाता नाइटराइडर्स ने पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत हासिल की। कप्तान श्रेयस अय्यर ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी और पंजाब की खिलाफ रसेल ने महज 26 गेंद पर पहले अर्धशतक जमाया। इस दौरान उनके बल्ले से 6 छक्के और 2 चौके निकले। इसके बाद भी रसेल ने अपना जलवा जारी रखा और एक के बाद एक जमकर दो छक्के और जमाए।



टीम को गेंदबाजों ने महज 137 रन पर ढेर कर दिया। जवाब में कोलकाता की टीम ने 14.2 ओवर में जीत के लिए जरूरी 138 रन बनाए और दो अंक लेकर प्वाइंट्स टेबल में टाप पोजिशन हासिल किया पंजाब के खिलाफ कोलकाता की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और टीम को चार झटके जल्दी जल्दी लग गए। 51 रन के स्कोर तक आधी टीम वापस लौट चुकी थी और मैच पर पकड़ पंजाब ने बनाई। यहां से मैदान पर आए आंद्रे रसेल की पारी शुरू हुई और मैच का रुख बदल गया। इस खिलाड़ी ने एक छोर थामा और उन गेंदबाजों को छक्के जमाने शुरू किए जिन्होंने दबाव बनाया था पंजाब के 31 गेंद पर 70 रन की नाबाद पारी खेल कर रसेल ने मैच का रुख बदल दिया। मैच के बाद पंजाब के कप्तान मयंक अग्रवाल ने भी कहा कि रसेल ने अकेले बल्लेबाजी कर मैच को बदल दिया। उनकी पारी बहुत ही कमाल रही मैच हमारी पकड़ में था गेंदबाजों ने अच्छा खेल दिखाया लेकिन जीत कोलकाता को मिली रसेल की पारी लाजवाब रही। कोलकाता ने पहले मैच में मौजूदा चैंपियन चेन्नई के खिलाफ जीत हासिल की थी। इसके बाद दूसरे मुकाबले में आरसीबी ने टीम को नजदीकी मुकाबले में हराया। पंजाब के खिलाफ टीम ने जीत हासिल की और 4 अंक के साथ अंक तालिका में पहले स्थान पर कब्जा जमाया।

# मुंबई की टक्कर तूफानी कप्तान की धमाकेदार टीम से, जानिए कब और कहां देखें मुकाबला

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन के दूसरे वीकेंड में शनिवार को डबल हेडर देखने को मिलेगा। दिन का पहला मैच मुंबई इंडियंस और राजस्थान रायल्स के बीच खेला जाना है। राजस्थान की टीम ने एक तरफ जहां अपने पहले मुकाबले में हैदराबाद के खिलाफ धमाकेदार जीत हासिल की थी वहीं मुंबई को पहले मुकाबले में दिल्ली की टीम के खिलाफ नजदीकी हार मिली थी। 2013 के बाद से अब तक मुंबई की टीम कभी भी टूर्नामेंट का पहला मुकाबला नहीं जीत पाई और इस सीजन भी यही हुआ। मुंबई की टीम टूर्नामेंट के दूसरे मुकाबले में पहली जीत की तलाश में उतरेगी जबकि राजस्थान का इरादा जीत की लय बरकरार रखने का होगा। डीवाई पाटिल स्टेडियम में होने वाले इस मैच से पहले जान लीजिए इससे जुड़ी तमाम अहम



बातें। 2 अप्रैल, शनिवार को होगा मुंबई इंडियंस और राजस्थान रायल्स के बीच यह मैच। मुंबई इंडियंस और राजस्थान रायल्स के बीच यह मैच डीवाई पाटिल स्टेडियम में होगा। कितने बजे शुरू होगा मुंबई इंडियंस और राजस्थान रायल्स के बीच यह मैच मुंबई इंडियंस और राजस्थान रायल्स के बीच यह मैच दोपहर 3.30 बजे शुरू होगी कितने बजे होगा मुंबई इंडियंस और राजस्थान रायल्स के बीच इस मैच का टास मुंबई इंडियंस और राजस्थान रायल्स के बीच टास मैच शुरू होने से आधा घंटे पहले दोपहर 3 बजे होगा।मुंबई इंडियंस और राजस्थान रायल्स के बीच होने वाले इस मैच को स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और हाटस्टार पर देख सकते हैं। इसके अलावा मैच से जुड़ी हर खबर को आप दैनिक जागरण की वेबसाइट पर पढ़ सकते हैं।

# राजस्थान के खिलाफ मुंबई के प्लेइंग इलेवन में होगा बड़ा बदलाव इस धुरंधर की वापसी तय

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस की टीम के पिछले 10 सीजन से लगातार पहले मुकाबले में हारी है। इस बार भी टीम की शुरुआत हार के साथ ही हुई है और अब उनके सामने राजस्थान रायल्स की टीम होगी। इस मैच में उतरने से पहले टीम को सूर्यकुमार यादव के रूप में बड़ी खुशखबरी मिली। पूरी तरह से फिट हो चुके यादव के प्लेइंग इलेवन में शामिल होना तय है ओपनिंग में कप्तान रोहित शर्मा और इशान किशन की जोड़ी को साथ मिलकर बड़ा साझेदारी करनी होगी। रोहित दिल्ली के खिलाफ कुछ खास नहीं कर पाए थे लिहाजा दूसरे मुकाबले में वह बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। इशान का फार्म शानदार है पहले मैच में उनकी बल्लेबाजी कमाल थी। मुंबई की टीम वापसी करने में माहिर मानी जाती है पहली हार के बाद सबक लेते हुए टीम राजस्थान के खिलाफ बेहतर रणनीति के साथ उतरेगी। मुंबई के लिए राहत की खबर है कि उनसे सबसे भरोसेमंद मिडिल आर्डर बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव पूरी तरह से फिट हैं। जिम में जमकर पसीना बहाते सूर्या के राजस्थान के खिलाफ वापसी तय मानी जा रही है। इसके अलावा अनमोलप्रीत और टिम



डेविड होंगे। इसके साथ ही निचले क्रम में कीरोन पोलार्ड पर मैच फिनिश करने की जिम्मेदारी होगी। जसप्रीत बुमराह जैसे अनुभवी गेंदबाज के साथ बेसल थंपी और टाइमल मिल्स टीम के लिए कारगर साबित हो सकते हैं। स्पिन में मुरुगन अश्विन राजस्थान के बल्लेबाज के लिए मुश्किल खड़ी कर सकते हैं। ईशान किशन, रोहित शर्मा (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, अनमोलप्रीत सिंह, कीरोन पोलार्ड, टिम डेविड, डेनियल सैम्स, मुरुगन अश्विन, जसप्रीत बुमराह, टाइमल मिल्स, बासिल थंपी

# स्टेडियम में दर्शकों की संख्या होगी 'डबल' 50 फीसदी क्षमता को मिली इजाजत

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन की शुरुआत धमाकेदार रही है। मैच में हर दिन बड़े स्कोर बनाए जा रहे हैं और इसका पीछा भी धमाकेदार अंदाज में हो रहा है। टूर्नामेंट के पहले सेट के मुकाबले खत्म हो चुके हैं और दूसरे सेट के लिए फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। मैच देखने के लिए अब स्टेडियम में दर्शकों की क्षमता को बढ़ाने का फैसला लिया गया है। 25 फीसदी दर्शक क्षमता के साथ शुरू हुए टूर्नामेंट गई है। शुक्रवार को इस बात की जानकारी साझा करते हुए बताया गया कि स्टेडियम में मैच देखने आने वाले दर्शकों की क्षमता में इजाफा किया गया है। टिकटिंग पार्टनर द्वारा बताय गया, अगले सेट के मुकाबलों के लिए टिकटें बिकनी शुरू हो चुकी है अब जैसा कि बीसीसीआइ की तरफ से दर्शकों की क्षमता को 25 से 50 फीसदी करने की घोषणा कर दी गई है तो हम भी टिकटों के बिक्री की संख्या बढ़ा रहे हैं। इससे अब ज्यादा से ज्यादा दर्शक आइपीएल के रोमांच का मजा



को बढ़ाकर 50 कर दिया गया है। आइपीएल के बाकी बचे मुकाबलों के लिए अब दर्शकों की संख्या स्डेडियम में बढ़ने वाली है। टूर्नामेंट के टिकट बिक्री के लिए आधिकारिक आइपीएल पार्टनर बुक माई शो ने इस बात की जानकारी दी है कि अब मैच के लिए 50 फीसदी टिकट को बेचने की अनुमति मिल स्टेडियम में जाकर उठा पाएंगे। इस साल कोरोना की वजह से आइपीएल के मुकाबलों को पूरे भारत की जगह सिर्फ मुंबई और पुणे स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम के अलावा डीवाई पाटिल स्टेडियम नवी मुंबई, ब्रेबार्न और वानखेडे में यह मुकाबले कराए जा रहे हैं।

# अजिंक्य रहाणे ने तोड़ा रोहित शर्मा का रिकार्ड IPL में उनसे कम पारियों में बना डाले 4000 रन

**नई दिल्ली।** आइपीएल 2022 में अजिंक्य रहाणे केकेआर का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और इस टीम के लिए ओपनिंग बल्लेबाजी की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इस लीग के 8वें मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ रहाणे ने वेंकटेश अय्यर के साथ पारी की शुरुआत की, लेकिन 11 गेंदों का सामना करते हुए तीन चौकों की मदद से 12 रन बनाकर आउट हो गए। रहाणे ने कगिसो रबादा की गेंद पर ओडियन स्मिथ को अपना कैच थमा दिया। अपनी इस पारी के दम पर रहाणे ने आइपीएल में अपने 4000 रन भी पूरे किए। अजिंक्य रहाणे ने पंजाब किंग्स



के खिलाफ खेली अपनी 12 रन की पारी के दौरान आइपीएल में अपने 4000 रन पूरे किए और रोहित शर्मा का रिकार्ड तोड़ दिया। रहाणे आइपीएल में सबसे तेज 4000 रन बनाने के मामले में आठवें नंबर पर आ गए। इससे पहले रोहित शर्मा इस नंबर पर थे जो अब नौवें नंबर पर खिसक गए। रहाणे ने आइपीएल की 144 पारियों में अपने 4000 रन पूरे किए तो वहीं रोहित शर्मा ने 147 पारियों में इतने रन बनाए थे। आइपीएल में सबसे तेज 4000 रन बनाने वाले बल्लेबाज क्रिस गेल हैं जिन्होंने 112 पारियों में ये कमाल किया था। आइपीएल में सबसे तेज 4000 रन बनाने वाले टाप 11 बल्लेबाज आइपीएल में बतौर भारतीय बल्लेबाज सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में अजिंक्य रहाणे 9वें नंबर पर पहुंच गए। उन्होंने इस लीग में अब तक खेले 154 मैचों की 144 पारियों में कुल 4006 रन बनाए हैं जिसमें दो शतक शामिल हैं। इस लीग में उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 105 रन हैं।

5652 - रोहित शर्मा
5528 - सुरेश रैना
4812 - एम एस धौनी
4800 - राबिन उथप्पा
4217 - गौतम गंभीर
4092 - दिनेश कार्तिक
4006 - अजिंक्य रहाणे6336 - विराट कोहली
5843 - शिखर धवन112 - क्रिस गेल
114 - डेविड वार्नर
128 - विराट कोहली
131 - एबी डिविलियर्स
140 - सुरेश रैना
140 - गौतम गंभीर
141 - शिखर धवन
144 - अजिंक्य रहाणे
147 - रोहित शर्मा
153 - राबिन उथप्पा
157 - एम एस धौनी


# नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

भारत सरकार की कौशल विकास योजना में अगस्त 2021 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित

ट्रेड प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों की अवधि इस प्रकार है-

| क0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा | 1 वर्ष | 12वीं पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वीं पास |
| 3. | बेसिक कम्प्युटिंग | 6 माह | साक्षर |
| 4. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वीं पास |
| 5. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वीं पास |
| 6. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वीं पास |
| 7. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 8. | सर्टिफिकेट इन कम्प्युटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 9. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 10. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 11. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 12. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 13. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वीं पास |

1.**प्रमाण पत्रः-** सफल प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो केंन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अधीनस्थ पद एवं सेवा में भर्ती के लिए मान्य है। 2.**चयन की प्रक्रियाः-** इस वर्ष कोविड-19 महामारी के चलते सभी सीटों पर दाखिले पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किये जायेंगे। 3.**आयु सीमाः-** उम्मीदवारों की आयु 1 अगस्त 2021 को न्यूनतम 14 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। 4.**आवेदन कैसे करेः-** आवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते हैं तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है। 5.आवेदन फॉर्म भरते समय पंजीकरण शुल्क रूपये 2665/- का भी देय होगा। 6.**कक्षायें/उपस्थितिः-** छात्रों की उपस्थिति में दो भाग शामिल है- थ्योरी क्लास और ट्रेनिंग इस वर्ष कोविड-19 स्थिति के कारण सभी छात्र संस्थान द्वारा आयोजित ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेंगे तथा उसके लिए संस्थान में छात्रों की भौतिक उपस्थिती की अनिवार्यता नहीं है, जब तक कोविड-19 की वर्तमान स्थिति समाप्त नहीं हो जाती है। प्रशिक्षण के लिए छात्रो को प्रधानाचार्य की अनूमति के साथ, अपने सम्बंधित मूल स्थानों पर प्रशिक्षण पूरा करने की अनुमति है। परीक्षा के समय छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। 7.**छात्रवृत्तिः-** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिनके पास आय प्रमाण पत्र एवं सम्बन्धित दस्तावेज मौजूद हो वे सभी भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है। 8. अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइटः- **www.nainiiti.com** देखें। 9.**दाखिले की अंतिम तिथिः-** 15 अप्रैल 2022

**सम्पर्क सूत्र :- 0532-2695959, 9415608710, 9807278552, 9415608790**


# जॉन अब्राहम की 'अटैक' भी हुई बेदम 8 दिन में ने कमाए इतने करोड़

**नई दिल्ली।** राम चरण और जूनियर एनटीआर स्टारर आरआरआर अभी भी बॉक्स ऑफिस पर दहाड़ रही है। एसएस राजामौली की इस फिल्म ने हिन्दी बेल्ट में भी अपनी बादशाहत कायम रखी है। शुक्रवार को रिलीज हुई जॉन अब्राहम की अटैक से उम्मीद थी कि इसकी और आरआरआर की जबरदस्त टक्कर होगी, पर ऐसा हो न सका। 'अटैक' के लिए आरआरआर ने कोई रास्ता ही नहीं छोड़ा और लक्ष्य राज आनंद की ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पानी भरती नजर आई। बॉक्स ऑफिस विजेता के रूप में लेबल किए जाने के बाद, आरआरआर मजबूती से डटी हुई है। शुरुआती रुझानों के अनुसार, राम चरण और जूनियर एनटीआर स्टारर के हिन्दी वर्जन ने अपने 8 वें दिन 11-12 करोड़ की कमाई की है। हाल के कलेक्शन के साथ, आरआरआर (हिन्दी) की कुल कमाई अब 143.59-144.59 करोड़ हो गई है। (हिंदी) ने केवल 7 दिनों में 132.59 करोड़ का कलेक्शन किया और ताजे आंकड़ों के साथ, फिल्म 150 करोड़ के करीब पहुंच रही है। अपने पहले हफ्ते के कलेक्शन के साथ, आरआरआर ने सूर्यवंशी, द कश्मीर फाइल्स, 83, और गंगूबाई काठियावाड़ी को पछाड़ दिया है, जिसने बॉक्स ऑफिस पर क्रमशः 120.66 करोड़, 97.30 करोड़, 71.87 करोड़ और 68.93 की कमाई की थी। आरआरआर से वीकेंड के दिन और ज्यादा कमाई की उम्मीद की जा रही है। क्योंकि इसे टक्कर देने के लिए रिलीज हुई जॉन अब्राहम की अटैक बॉक्स ऑफिस पर बेदम साबित हो रही है। फिल्म को दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। हालांकि फिल्म को लेकर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी, इसका प्रदर्शन देखने के लिए हमें वीकेंड तक का इंतजार करना होगा। वही ने वर्ल्डवाइड जबरदस्त परफॉर्म करते हुए 700 करोड़ से ज्यादा कमा लिए हैं। बता दें कि आरआरआर ने पहले हफ्ते में वर्ल्डवाइड 710 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन वर्ल्डवाइड किया है, जिसमें से 560 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन भारतीय बॉक्स ऑफिस पर हुआ।




# जिद और जुनून के बीच खुद पर भरोसे की मनोरंजक कहानी 'कौन प्रवीण ताम्बे

**नई दिल्ली।** कोई इंसान अपने सपनों के पीछे कब तक भाग सकता है? कितना इंतजार कर सकता है? खासकर, तब जब सपना खेल से जुड़ा हो। खेलने की एक उम्र होती है, जिसके गुजरने के बाद सपने हकीकत की चट्टान से टकराकर बिखर जाते हैं, मगर उस इंसान के बारे में क्या कहिएगा, जिसने उस सपने को ही अपनी जिंदगी मान लिया हो और उसे पूरा करने के लिए सब कुछ दांव पर लगाने के लिए तैयार हो।डिजनी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हुई कौन प्रवीण ताम्बे? एक ऐसे ही सपने और उसे पूरा करने की जिद की कहानी है। जब उम्र खेल से संन्यास लेने के लिए कह रही हो और खिलाड़ी अपना करियर शुरू करने का सपना पूरा करे तो उसे प्रवीण ताम्बे कहा जाता है और फिर प्रवीण ताम्बे महज एक सवाल नहीं रहता, वो एक प्रेरणादायी जवाब बन चुका होता है। कौन प्रवीण ताम्बे? मुंबई के मुलुंड इलाके की चॉल में रहने वाले एक निम्नवर्गीय परिवार के लड़के की कहानी है, जिसने बचपन से एक ही सपना देखा कि रणजी ट्रॉफी खेलनी है। उसी मुंबई से, जहां क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर भी रहते हैं। कुछ सपने जहां कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि और जिम्मेदारियों के बोझ के नीचे आकर चकनाचूर हो जाते हैं, वहीं प्रवीण ताम्बे का सपना फौलादी इरादों से बना था, जिसे ताकत मिलती है बड़े भाई के प्रोत्साहन और जीवन में अलग-अलग पड़ावों पर मिले कुछ दोस्तों और साथियों के सपोर्ट से।गली क्रिकेट खेलते-खेलते शादी होती है, बच्चे होते हैं, मगर रणजी खेलने का सपना अभी भी पूरा नहीं होता। समय और उम्र गुजरते रहते हैं। रणजी खेलने की धुन उसे कभी शिपिंग कम्पनी में नौकरी के लिए ले जाती है तो कभी डांस बार में वेटर की नाइट शिफ्ट में। प्रवीण अपने सपने को पूरा करने की जद्दोजहद में लगा रहता है। आखिरकार, क्रिकेट के लिए उसका जुनून उसे आईपीएल की राजस्थान रॉयल्स टीम तक पहुंचा देता है, जहां प्रथम श्रेणी क्रिकेट ना खेले हुए भी प्रवीण ताम्बे अपना जौहर दिखाता है। उसका सपना सही था, बाकी सब गलत।प्रवीण ताम्बे की कहानी में सिर्फ क्रिकेट और रणजी के लिए उसकी कोशिशें हैं, मगर सीधी-सपाट कहानी को किरण यज्ञोपवीत के स्क्रीनप्ले ने मनोरंजक और दिलचस्प बना दिया है। दृश्यों का लेखन और संयोजन ऐसा है कि बांधे रखता है। फिल्म की शुरुआत में राहुल द्रविड़ की ताम्बे को लेकर बाइट से पहले दृश्य का ट्रांजिशन प्रभावशाली है और फिल्म का मूड वहीं से सेट हो जाता है। ताम्बे का क्रिकेट के लिए जुनून, परिवार के सदस्यों के साथ उसका रिश्ता, लोकल क्रिकेट मैचों के दृश्य और उनकी चुटीली कमेंट्री फिल्म को धारा प्रवाह रखते हैं। हालांकि, सेकंड हाफ में फिल्म कुछ खिंची हुई लगती है, मगर बेहतरीन परफॉर्मेंसेज के कारण पकड़कर रखती है। मराठी फिल्मों से आये निर्देशक जयप्रद देसाई की कौन प्रवीण ताम्बे पहली हिंदी फिल्म है। जयप्रद का निर्देशन सधा हुआ है। दृश्यों को खांचे में रखा है। कलाकारों को कहीं बहकने नहीं दिया। प्रवीण ताम्बे के किरदार में श्रेयस तलपड़े ने पर्दे पर दोबारा क्रिकेट खेला है। अपनी पहली बॉलीवुड फिल्म इकबाल से श्रेयस ने एक गेंदबाज के रूप में डेब्यू किया था और अब लेग स्पिनर प्रवीण ताम्बे के किरदार में उन्होंने वापसी की है। फर्क इतना है कि इकबाल युवा और काल्पनिक था, जबकि प्रवीण मिडिल एज का वास्तविक किरदार है। मगर, श्रेयस इस किरदार में जिस तरह से ढले हैं, वो कमाल है।कोच विद्या पराडकर के किरदार में आशीष विद्यार्थी ने अच्छा काम किया है।





# कृष्णा अभिषेक की पत्नी कश्मीरा शाह पर उर्फी जावेद ने किया पलटवार

**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस उर्फी जावेद का कॉन्ट्रोवर्सी से काफी गहरा नाता है। उर्फी को अक्सर ही उनक अतरंगी कपड़ो की वजह से ट्रोल किया जाता है। इसी बीच एक बार फिर से उर्फी के ड्रेसिंग सेंस को लेकर बवाल मचा हुआ है। उर्फी पर सुजैन खान की बहन फराह अली खान की कॉन्ट्रोवर्सी अभी खत्म भी नहीं हुई थी कि इसी बीच कश्मीरा शाह का नाम भी इस विवाद में जुड़ गया है। कश्मीरा ने एक इंटरव्यू में उर्फी का मजाक उड़ाया है। साथ ही कहा कि उन्हें नहीं लगता कि सुजैन और फराह ऐसे लोगों को जानती भी होंगी। वहीं उर्फी भी कहा चुप बैठने वालों में से हैं। उर्फी ने भी कश्मीरा के इस बयान पर पलटवार करते हुए उन्हें करारा जवाब दिया उर्फी जावेद का एक वीडियो एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में आप देख सकते है कि जैसे ही पैपराजी उर्फी से कश्मीरा शाह का नाम लेते हैं। उर्फी का रंग ही बदल जाता है। वह कहती है, 'ओ हां उन्होंने कुछ कहा है मेरे बारे में मैंने पढ़ा है। वो कैसे कह सकती हैं। आपने जो स्टेटमेंट बोले हैं मेरे बारे में वो सही होने चाहिए। आप इंस्टाग्राम पर फेमस हैं, रियल लाइफ में फेमस हैं। आप तो दोनों में ही नहीं हैं। फिर क्या फायदा।' कश्मीरा शाह को लेकर उर्फी का ये बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस पर यूजर्स के भी रिएक्शन आ रहे हैं। आपको बता दें कि हाल ही में ईटाइम्स को दिए अपने इंटरव्यू में कश्मीरा शाह ने कहा था कि, 'मैं भी ऐसे लोगों को नहीं जानती जो कपड़े काटकर बाहर घूमते रहते हैं। कश्मीरा ने कहा कि ऐसे लोग उनकी नजर में करियर-माइंडेड नहीं हैं।' बता दें कि उर्फी के एक वीडियो पर फराह खान ने उनके ड्रेसिंग सेंस पर कमेंट किया था यहीं से सारा विवाद शुरू हुआ।



# KKR का आईपीएल मैच देखने पहुंची सुहाना खान, बोल्ड तस्वीरें देख फैंस हुए 'दीवाने'

**नई दिल्ली।** शाह रुख खान की बेटी सुहाना खान ने इंस्टाग्राम पर एक बोल्ड तस्वीर शेयर की है इसमें उन्हें पीले रंग की टॉप में देखा जा सकता है इसमें वह काफी खूबसूरत लग रही है इसके साथ उन्होंने लिखा है, 'खेल का दिन' उन्होंने इसके साथ एक दिल की इमोजी शेयर की है सुहाना खान ने तस्वीरों में मेकअप कर रखा है उनके बाल खुले हुए हैं उन्होंने लिपस्टिक लगा रखी है और वह कैमरे की ओर देखकर पोज दे रही है सुहाना खान ने गाड़ी में बैठकर यह वीडियो बनाया है सुहाना खान शाह रुख खान की बेटी है वह जल्द द आर्ची नामक फिल्म में नजर आएंगी इस फिल्म में उनके अलावा खुशी कपूर और अगस्त्य नंदा की अहम भूमिका होगी शाह रुख खान कोलकाता नाइट राइडर्स के मालिक है और कोलकाता नाइट राइडर्स का मैच किंग्स इलेवन पंजाब के साथ है सुहाना खान की इंस्टाग्राम पर काफी बड़ी फैन फॉलोइंग है शुक्रवार की शाम उन्होंने यह वीडियो शेयर किया है उन्हें पीले रंग की टॉप पहने देखा जा सकता है जिस पर उनकी टीम का लोगो भी लगा हैत् सुहाना खान अक्सर अपनी हॉट और बोल्ड तस्वीरें और वीडियो शेयर करती हैं, जिसे लेकर उनके फैंस भी काफी उत्साहित रहते है सुहाना खान अमेरिका से फिल्म की पढ़ाई कर वापस लौट आई है अब वह फिल्मों में अपना करियर बनाना चाहती हैं सुहाना खान की दोस्ती अनन्या पांडे और शनाया कपूर के साथ है सभी जल्द फिल्म इंडस्ट्री में नजर आएंगी सुहाना खान और शनाया कपूर का डेब्यू होना अभी बाकी है जबकि अनन्या पांडे का फिल्मी डेब्यू हो चूका है सुहाना खान की फिल्म का फैंस भी इंतजार कर रहे है।



# जाह्नवी कपूर अपने लेटेस्ट लुक को लेकर हो रहीं है बुरी तरह से ट्रोल, तस्वीरें देख लोगों ने कहा- 'सस्ती काइली जेनर'

**नई दिल्ली।** दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की बेटी जाह्नवी कपूर भी अपनी मां की तरह ही इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बनाने में जुटी हैं। हालांकि जाह्नवी ने कम ही वक्त में अपनी खास पहचान बनाई है। जाह्नवी एक्टिंग के साथ अपने हॉट लुक्स को लेकर भी काफी चर्चा में रहती हैं। वह अक्सर ही अपनी हॉट एंड बोल्ड तस्वीरें पोस्ट कर फैंस के होश उड़ाती हैं। फैंस भी उनकी हर अदा पर अपना दिल हार बैठते हैं। यही वजह है कि सोशल मीडिया पर उनकी अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है। इसी बीच एक बार फिर से जाह्नवी अपने लुक को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। लेकिन कुछ सोशल मीडिया यूजर्स को उनका ये हॉट लुक पसंद नहीं आया है और वह जाह्नवी को ट्रोल करते नजर आ रहे हैं। यहां देखें तस्वीरें एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका शिमरी लुक देखते ही बन रहा हे। दरअसल, हाल ही में जाह्नवी कपूर मुंबई में आयोजित एक अवॉर्ड शो में शामिल हुई थीं। इस दौरान की उनकी कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। जाह्नवी के लुक की बात करें तो उन्होंने प्लंजिंग नेकलाइन के साथ मेटैलिक शिमरी गाउन पहना था। इस ड्रेस के साथ उन्होंने स्लीक पोनी टेल और बोल्ड मेकअप के साथ अपने लुक को पूरा किया। जाह्नवी कपूर का ये लुक जहां कई यूजर्स का दिल चुरा रहा है। वहीं कई उन्हें 'प्लास्टिक सर्जरी' कराने और कई 'किम कार्दशियन बनने की कोशिश' जैसे कमेंट कर उन्हें बेरहमी से ट्रोल करते नजर आ रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'वह बहुत कोशिश कर रही है काइली व किम बनने की लेकिन उनको बताओ की वो नहीं कर सकतीं।' वहीं एक दूसरे यूजर ने कमेंट करके लिखा, 'बॉडी सर्जरी पर कितना खर्च हुआ है।'




# पलक तिवारी ने थाई हाई स्लिट ड्रेस में ढाया 'कहर', लेटेस्ट बोल्ड फोटो देख फैंस ने कहा, 'खूबसूरत पलक'

**नई दिल्ली।**श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी ने इंस्टाग्राम पर अपने हालिया बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की है इसमें उन्हें थाई हाई स्लिट ड्रेस पहने देखा जा सकता है उन्होंने सिल्वर कलर की चमकदार ड्रेस पहन रखी है इसमें उनके बाल खुले हुए हैं और वह बोल्ड अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही है पहली फोटो में पलक तिवारी कैमरों को दिलकश अंदाज में देख रही है वह बैठकर पोज दे रही हैत् इसके बाद की फोटो में पलक तिवारी एक अलग अंदाज में बोल्ड पोज दे रही हैं इसमें वह काफी खूबसूरत लग रही है वहीं अगली फोटो में पलक तिवारी खड़ी होकर बोल्ड पोज दे रही हैं इसमें उनका टोंड फिगर भी नजर आ रहा है उन्होंने हाथों में बैग ले रखा है और वह कैमरे को देख रही है उन्होंने हाई हील्स पहन रखी है पलक तिवारी की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर वायरल हो गई है इसे 3 घंटे में 1 लाख 15 हजार से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं इसपर 600 से ज्यादा कमेंट भी किए जा चुके हैं कई लोगों ने वाह, ब्यूटीफुल, अमेजिंग, सो सो प्रिटी, ग्लोइंग तिवारी जी, मेरिटोरियस तिवारी जी और वेरी ग्लैमरस लुक, लुकिंग गॉर्जियस, फायर, हॉट ब्यूटीफुल और ब्यूटीफुल ऑल टाइम पलक जैसे कमेंट किए गए हैं पलक तिवारी श्वेता तिवारी की बेटी है वह हाल ही में हार्डी संधू के गाने बिजली-बिजली में नजर आई थी गाने को काफी पसंद किया गया था पलक तिवारी जल्द कई फिल्मों में नजर आएंगी वह विवेक ओबरॉय के साथ फिल्म रोजी द सैफ्रो चैप्टर में नजर आएंगीत् पलक तिवारी श्वेता तिवारी की बेटी है दोनों मां-बेटी अक्सर सोशल मीडिया पर एक-दूसरे की फोटो पर मजेदार कमेंट करती हैं।



# अभिषेक बच्चन को ट्रोलिंग से डील करने का पत्नि ऐश्वर्या राय ने बताया ऐसा नुस्खा बदली एक्टर की सोच

**नई दिल्ली।** एक्टर अभिषेक बच्चन अक्सर ट्रोसर्ल के निशाने पर रहते हैं। फिल्म इंडस्ट्री में एंट्री करने से लेकर कई मौके पर उन्हें ट्रोल किया गया है। लेकिन अब एक्टर भी ट्रोलर्स को सीरियसली नहीं लेते और शांती से उनसे डील करते हैं। क्रिटिसिज्म से बचने का श्रेय अभिषेक अपनी पत्नी ऐश्वर्या राय बच्चन को देते हैं। हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि नेगिटिविटी से बचने का तरीका उन्होंने अपनी पत्नी से ही सीखा है। अभिषेक बच्चन जल्द ही फिल्म 'दसवीं' में नजर आने वाले हैं। जिसके प्रामोशन के लिए वह लगातार मेहनत कर रहे हैं। अभिषेक ने न्यूज एजेंसी एएनआई को बताया, मेरी वाइफ ने एक बार मुझे बताया था कि आपको 10 हजार पॉजिटिव कमेंट्स मिलते हैं लेकिन तुम एक नेगेटिव कमेंट से परेशान हो जाते हो। आपको पॉजिटिविटी पर कॉन्संट्रेट करना चाहिए और पॉजिटिव दुनिया की सुंदरता को देखना चाहिए। इसलिए मैं इन चीजों को पॉजिटिव तरीके से देखने की कोशिश करता हूं। अभिषेक ने आगे कहा, ठआप अफसलता को डील नहीं करते यह आपके साथ डील करती है। मायने सिर्फ यह रखता है कि आप इससे उबरते कैसे हैं। मैं अब आलोचना और असफलता को खुद को प्रभावित नहीं करने देता। मैं एक व्यक्ति और प्रोफेशनल के तौर पर इनसे खुद को बेहतर बनाने की कोशिश करता हूं। हर असफलता से सबक लेता हूं। अभिषेक और ऐश्वर्या ने 20 अप्रैल, 2007 को शादी की थी। जिसके बाद दोनों ने 2011 में अपनी बेटी आराध्या का स्वागत किया। अभिषेक और ऐश्वर्या ने साथ में 'उमराव जान', 'गुरु', 'कुछ ना कहो' और 'रावण' जैसी फिल्मों में साथ काम किया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिषेक बच्चन की फिल्म 'दसवीं' 7 अप्रैल को रिलीज हो रही है। इसमें उनके साथ निम्रत कौर और यामी गौतम भी हैं। मूवी में अभिषेक एक ऐसे पॉलिटीशियन का किरदार निभा रहे हैं जो दसवीं पास करना चाहता है। वह घोटाल में फंसकर जेल जाता है और वहीं से पढ़ाई करता है। वहीं ऐश्वर्या राय बच्चन अगली बार मणिरतन्म की 'पोनिनयिन सेलवन' में दिखाई देंगी। वह आखिरी बार 2018 में आई 'फनने खां' में अनिल कपूर और राजकुमार राव के साथ नजर आई थीं।




# नेहा कक्कड़ ने पति की इस हरकत पर मांगी उनकी प्रॉपर्टी, बीवी का ये एटीट्यूड देख रोहनप्रीत सिंह के उड़े होश

**नई दिल्ली।** सिंगर नेहा कक्कड़ और उनके पति रोहनप्रीत सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया छाया हुआ है। इस वीडियो में नेहा कक्कड़ अपने पति से उनकी प्रॉपर्टी मांगती हुई नजर आ रही हैं। पत्नी की इस हरकत को देखकर रोहनप्रीत के होश उड़े हुए हैं और वह भी हैरान हैं कि नेहा ने क्या मांग लिया। दरअसल, रोहनप्रीत सिंह ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक मजेदार रील शेयर किया है। जिसमें वह बड़े ही रोमांटिक अंदाज में अपनी पत्नी के लिए साल 2002 में आई फिल्म 'मैंने दिल तुझको दिया' का सॉन्ग 'थोड़ा सा प्यार हुआ है' गाते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो में रोहनप्रीत गा रहे होते हैं कि, 'हम तो दिल दे ही चुके', नेहा इसी बीच उनके गाल खिंचती हैं और कहती हैं, 'अब अपनी प्रापर्टी भी दे दो।' नेहा की ये बात सुनकर वो भी चौंक जाते हैं लेकिन बाद में अपनी हंसी नहीं रोक पाते और पेट पकड़कर हंसने लगते हैं। वीडियो को शेयर करते हुए रोहनप्रीत ने एक फनी कैप्शन देते हुए पंजाबी में लिखा, 'शादी अपने रिस्क पर ही करना।' पति के इस पोस्ट पर हाजिर जवाब नेहा ने भी कमेंट किया और कहा, 'यार बेबी आपकी प्रॉपर्टी के बिना कैसे चलेगा!' यह पहला मौका नहीं हैं, नेहा और रोहनप्रीत अक्सर अपनी फनी वीडियोज बनाकर सोशल मीडिया पर लोगों के साथ शेयर करते रहते हैं। जो उनके फैंस को काफी पसंद भी आती है। आपको बता दें कि, नेहा कक्कड़ ने साल 2020 में पंजाबी सिंगर रोहनप्रीत सिंह से शादी का थी। दोनों की इस क्यूट जोड़ी को फैंस खूब पसंद करते हैं और इनसे जुड़ी हर अपडेट को फॉलो करते हैं। दोनों ने कई म्यूजिक वीडियो में भी साथ काम किया है। जिनमें 'ख्याल रखया कर', 'दो गल्लां' शामिल है। जो काफी पॉपुलर हुआ था। हाल ही में नेहा अपने भाई टोनी कक्कड़ के साथ म्यूजिक वीडियो 'मुड़-मुड़ के' में नजर आई थीं।



# नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने तीन महीनों में 200 में से चुनीं सिर्फ पांच स्क्रिप्ट्स, फिल्मों के चुनाव को लेकर कही ये बात

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी फिल्मों में अपनी डिफरेंट च्वाइस के लिए जाने जाते हैं। एक्टर फिल्मों में अपने किरदार को लेकर काफी चूजी है। जिसका अंदाजा उन्हें हाल ही में ऑफर हुई फिल्मों की लिस्ट से लगाया जा लकता है। नवाजुद्दीन को पिछले तीन महीनों में 200 फिल्मों की स्क्रिप्ट ऑफर हो चुकी हैं, लेकिन उन्होंने इनमें से सिर्फ पांच फिल्में ही फाइनल कीं। नवाजुद्दीन के इस अंदाज से इतना तो साफ है कि वह पैसे और नाम से ज्यादा काम की क्वालिटी को महत्व देते हैं। नवाजुद्दीन सिद्दीकी किसी भी फिल्म को साइन करने के लिए अपने किरदार की अहमियत की ओर ध्यान देते हैं। फिल्म के कॉन्टेंट से ज्यादा नवाज अपने रोल में दिलचस्पी लेते हैं। हिंदुस्तान टाइम्स की खबर के अनुसार नवाजुद्दीन ने कहा, मैंने महसूस किया कि वे (जिन प्रोजेक्ट्स को उन्होंने स्वीकार किया था) मेरे लिए प्रयोग करने के लिए सही प्रस्ताव थे। मैं इसी के आधार पर स्क्रिप्ट का चुनाव करता हूं। यह ध्यान में रखते हुए कि उन्होंने 200 में से केवल पांच को चुना, जब एक्टर से पूछा गया कि क्या उन्होंने अंतिम निर्णय लेने से पहले पूरी स्क्रिप्ट पढ़ी है तो वह कहते हैं, यह किरदार के इर्द-गर्द होनी चाहिए। अगर फिल्म में कॉन्टेंट नहीं है तो भी ठीक है बस मुझे बताओ कि मेरा रोल मुझे असहज करेगा या नहीं। मैं उसे चुनूंगा जो मुझे ऐसा महसूस कराए। स्क्रिप्ट के चुनाव के तरीके को लेकर एक्टर ने कहा, ङ्कमैं उन सभी के लिए एक लाइन सुनता हूं, अगर मुझे दिलचस्पी है तो मैं अपने असिस्टेंट से कहता हूं कि मुझे कहानी का एक नैरेशन दें या फिर निर्माता भी आकर इसे नैरेट करते हैं मेरे लिए। नवाजुद्दीन सिद्दीकी के वर्कफ्रंट की बात करें तो तो जल्द ही फिल्म 'हीरोपंती 2' में नजर आने वाले हैं।



# पूनम पांडे ने लाइव कैमरे के सामने टॉपलेस होने का किया वादा, साथ ही रखी ये शर्त

**नई दिल्ली।** कंगना रनोट के अत्याचारी खेल में पूनम पांडे ने हाल ही में अपने फैंस को शॉक्ड कर दिया। लेटेस्ट एपिसोड में पूनम पांडे ने ये एलान किया कि अगर उनके प्रशंसक उन्हें इस हफ्ते की चार्जशीट से बचाते हैं, तो वह उन्हें एक बड़ा सरप्राइज देंगी मुनव्वर, अंजलि, आजमा, अली मर्चेंट और विनीत कक्कड़ के साथ बैठी पूनम ने फैंस से कहा, 'हैलो, जो भी सुन रहा है चार्जशीट से मुझे बचा लो, मैं भगवान की कसम खाती हूं कि तुम लोगों को एक मस्त सरप्राइज दूंगी। उन्होंने आगे कि कैमरे के साने दूंगी और पूनम पांडे स्टाइल में दूंगी।तुम लोग मुझे वोट देकर बचाओ और फिर देखो इस जेल में क्या होता है।यह सुनकर उसके सभी कंटेस्टेंट हैरान रह गए। हालांकि, मजेदार मूड में आजमा और मुनव्वर ने उसे दर्शकों को यह बताने के लिए कहा कि वह उनके लिए क्या योजना बना रही हैं। उन्होंने मजाक में कहा कि आपको उन्हें ट्रेलर दिखाना चाहिए। विनीत कक्कड़ ने कहा कि वह सिर्फ झांसा दे रही हैं और कुछ नहीं करेंगी, पूनम ने वादा किया कि वह जो वादा करतीं हैं वह करेंगी। काफी फोर्स करने के बाद पूनम ने स्वीकार किया कि अगर उसके फैंस उन्हें नॉमिनेशन से बचाते हैं, तो वो अपनी टी-शर्ट उतार देंगी। यह सुनकर वहां बैठे सभी लोग चुप हो गए और पूनम जोर-जोर से हंसने लगीं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा
श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि.
1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं एम2ए/25एडीए कालोनी नैनी प्रयागराज 211008 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादकः-डा. दीपक अरोरा
मो0न0 09415608783
RNI No. UPHIN/2012/41154
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद